NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्षः 13 अंकः 154 लखनऊ, मंगलवार 16 जनवरी 2024 मूल्यः 02 रुपये पृष्ठ- 08

## प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को आंध्र प्रदेश में एनएसीआईएन के नए परिसर का उद्घाटन करेंगे

एजेंसी।
नई दिल्ली राष्ट्रीय स्तर का यह विश्व स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के अधिकारियों के साथ–साथ केंद्रीय संबद्ध सेवाओं, राज्य सरकारों और भागीदार देशों के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करेगा। पीएमओ ने कहा कि इस नए परिसर के जुड़ने से एनएसीआईएन प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए संवर्धित और आभासी वास्तविकता, ब्लॉक–चेन के साथ–साथ कृत्रिम मेधा और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों जैसी नए युग की प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को आंध्र



प्रदेश के श्री सत्यसाई जिले के पलासमुद्रम का दौरा करेंगे और राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) के नए परिसर का उद्घाटन करेंगे। आंध्र प्रदेश सरकार की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मोदी निर्धारित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए मंगलवार दोपहर पलासमुद्रम पहुंचेंगे और शाम को लौट आएंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री पुरावशेष तस्करी केंद्र, मादक पदार्थ अध्ययन केंद्र और वन्यजीव अपराध जांच केंद्र को देखने के लिए एनएसीआईएन की पहली मंजिल का दौरा करेंगे। बाद में, मोदी एक्स–रे और बैगेज स्क्रीनिंग सेंटर देखने के लिए भूतल का दौरा करेंगे। इसके बाद कुछ पौधे लगाने और निर्माण श्रमिकों के साथ बातचीत करने के लिए अकादमिक ब्लॉक का दौरा करेंगे। विज्ञप्ति के मुताबिक वह कुछ प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ बातचीत भी करेंगे और 'फ्लोरा ऑफ पलासमुद्रम' नामक एक पुस्तक का विमोचन भी करेंगे। प्रधानमंत्री एनएसीआईएन को एक मान्यता प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे और इस दौरान वह सभी को संबोधित भी करेंगे। दिल्ली रवाना होने से पहले मोदी के लेपाक्षी मंदिर जाने की भी संभावना है। मुख्य सचिव के एस जवाहर रेड्डी ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री की सफल यात्रा के लिए इंतजाम करने का निर्देश दिया और तैयारियों की समीक्षा की। मोदी के कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर और मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी के भी शामिल होने की उम्मीद है। इससे पहले, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा था कि लोक सेवा क्षमता निर्माण के माध्यम से शासन में सुधार लाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक कदम के तहत पलासमुद्रम में एनएसीआईएन के नए अत्याधुनिक परिसर की परिकल्पना और निर्माण किया गया है। 500 एकड़ में फैली यह अकादमी अप्रत्यक्ष कराधान (सीमा शुल्क, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और वस्घ्तु एवं सेवा कर) और नारकोटिक्स नियंत्रण प्रशासन के क्षेत्र में क्षमता निर्माण के लिए भारत सरकार की सर्वोच्च संस्था है।

## प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही अपने राम लला और योगी सरकार के दिव्य–भव्य–नव्य अयोध्या धाम को देखने उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता।
अयोध्या। अयोध्या में इन दिनों बस एक ही नाम, एक ही धुन और एक ही नारा गुंजायमान हो रहा है। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व मकर संक्राति पर शुरू हुए विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों में श्रीराम की महिमा के बखान से राम नाम की धुन और जय श्री राम के नारे से पूरा वातावरण गूंज रहा था। यहां कानों पर बस राम भक्ति के भजन के स्वर ही पड़ रहे थे। लाखों श्रद्धालुओं का हुजूम अपने आराध्य श्रीराम लला के दर्शन के लिए बढ़ते वक्त जगह–जगह अपने ही निराले अंदाज में भजन–कीर्तन कर रहे थो तो सैकड़ों कलाकार रामराज्य के वैभव को रंगोली से सड़क पर



उकेर रहे थे। इस बीच, हर दस कदम पर सुरक्षा में तैनात यूपी पुलिस के जवान योगी सरकार द्वारा अयोध्या में की गई चाक–चौबंद सुरक्षा की मुस्तैदी को बयां कर रहे थे। अयोध्या धाम में लता चौक से लेकर श्रीराम मंदिर तक ये सभी नजारे देखने को मिले। स्पष्ट है, राममय वातावरण के जिस दृश्य की योगी सरकार ने परिकल्पना की थी वह राम राज्य के रूप में हकीकत में साकार होता दिख रहा है। ये रामराज्य की परिकल्पना की ही महिमा है जिसके कारण हर कोई राम में रमा नजर आ रहा है और इसी को साकार कर योगी सरकार ने सनातन धर्म के अधूरे सपने को पूरा करने की शुरुआत कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को दोबारा उसके पौराणिक वैभव को स्थापित करने का जो सपना देखा था, वह पूरा और साकार होने लगा है। मकर संक्रांति के अवसर पर योगी सरकार द्वारा कलयुग में स्थापित त्रेतायुगीन अयोध्या धाम के पौराणिक वैभव को देखने के लिए लाखों श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा, जो राम धुन में रमे हुए थे। वहीं, उनके स्वागत में अयोध्यावासी भी बड़ी संख्या में जगह–जगह पलके बिछाए हुए थे। अवध यूनिवर्सिटी के फाइन आर्ट के 200 कलाकार लता चौक से श्रीराम मंदिर तक करीब 2

## चीन सीमा पर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडेय का बड़ा बयान

एजेंसी।
नई दिल्ली पांडे ने कहा कि सेना ने आपातकालीन वित्तीय शक्तियों का उपयोग करके कई आधुनिक हथियार और प्रणालियां खरीदी हैं और सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास अन्य एजेंसियों के साथ साझेदारी में सीमा बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने का होगा। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत और चीन के बीच बढ़ते तनाव के बीच



सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश की उत्तरी सीमाओं पर किसी भी स्थिति से निपट सकती है। जम्मू–कश्मीर के राजौरी–पुंछ सेक्टर में आतंकवादी गतिविधियों में हाल ही में बढ़ोतरी हुई है। पांडे ने लखनऊ में सेना दिवस परेड की समीक्षा के बाद अपने संबोधन में कहा कि सेना उत्तरी सीमा (चीन के साथ) पर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार और सक्षम है। हमने उन क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं को विकसित करने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। भारत और चीन मई 2020 से सैन्य गतिरोध में बंद हैं और चल रही बातचीत के माध्यम से सीमा संकट का पूर्ण समाधान अभी भी मायावी प्रतीत होता है। गलवान घाटी, पैंगोंग त्सो, गोगरा (पीपी–17ए) और हॉट स्प्रिंग्स (पीपी–15) से चार दौर की वापसी के बावजूद, भारतीय और चीनी सेनाओं के पास अभी भी लद्दाख क्षेत्र में हजारों सैनिक और उन्नत हथियार तैनात हैं। पांडे ने कहा कि सेना ने आपातकालीन वित्तीय शक्तियों का उपयोग करके कई आधुनिक हथियार और प्रणालियां खरीदी हैं और सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास अन्य एजेंसियों के साथ साझेदारी में सीमा बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने का होगा। भारत और चीन की सेनाएं कई दौर की बातचीत कर चुकी हैं, लेकिन देपसांग और डेमचोक की समस्याएं अभी भी बातचीत की मेज पर हैं।

## राम मंदिर के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से झड़प, नेताओं की एंट्री का हुआ विरोध, पार्टी का झंडा भी छीना

संवाददातां
अयोध्या में यूपी कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि हम इस बात की निंदा करते हैं कि कुछ लोग धर्म को राजनीति से जोड़कर अशांति फैलाना चाहते हैं। हो सकता है वे कुछ नासमझ लोग हों जो ऐसा करना चाहते हों। हम सिर्फ पूजा करने आए थे, इस पर कांग्रेस पार्टी की ओर से कोई निर्देश नहीं थे। कुछ अज्ञात लोगों ने सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर के बाहर लगे कांग्रेस के झंडे को तोड़ दिया। यह घटना तब हुई जब उत्तर प्रदेश प्रमुख अजय राय और दीपेंद्र हुड्डा सहित कांग्रेस नेता राम लला के दर्शन करने और सरयू नदी में स्नान करने के लिए अयोध्या गए। एएनआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में, व्यक्तियों को श्जय श्री रामश का नारा लगाते हुए सुना गया क्योंकि उन्होंने मंदिर के बाहर झंडा छीन लिया और उसे रौंद दिया। अयोध्या में यूपी कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि हम इस बात की निंदा करते हैं कि कुछ लोग धर्म को राजनीति से जोड़कर अशांति फैलाना चाहते हैं। हो सकता है वे कुछ नासमझ लोग हों जो ऐसा करना चाहते हों। हम सिर्फ पूजा करने आए थे, इस पर कांग्रेस पार्टी की ओर से कोई निर्देश नहीं थे। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए अयोध्या कांग्रेस महिला प्रभारी रेनू राय ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों ने कांग्रेस का झंडा छीन लिया और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार भी किया। रेनू राय ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों ने हमारी पार्टी का झंडा छीन लिया और हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार किया। यह शर्मनाक और निंदनीय कृत्य है.श मंदिर (राम मंदिर) सबका है। जबकि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक समारोह के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है, पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई ष्मकर संक्रांतिष पर शहर का दौरा करने की अपनी योजना पर अड़ी हुई है। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रभारी धीरज गुर्जर और अविनाश पांडे समेत अन्य नेताओं ने भी अयोध्या का दौरा किया।

## आंध्र कांग्रेस प्रमुख गिदुगु रुद्र राजू ने दिया इस्तीफा,वाईएस शर्मिला जल्द संभाल सकती हैं कमान

एजेंसी।
आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी और वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की संस्थापक वाईएस शर्मिला की हाल ही में कांग्रेस में एंट्री से अटकलें तेज हो गई थीं कि उन्हें पार्टी में राज्य प्रमुख का पद मिल सकता है। वह 4 जनवरी को नई दिल्ली में कांग्रेस में शामिल हुईं। आंध्र कांग्रेस प्रमुख गिदुगु रुद्र राजू ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया। सूत्रों के मुताबिक, उनके इस्तीफे से वाईएस शर्मिला के लिए राज्य इकाई की कमान संभालने का रास्ता साफ हो गया है। राजू, जो 22 नवंबर से आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के अध्यक्ष हैं, आंध्र प्रदेश विधान परिषद में एमएलसी हैं। कांग्रेस फॉर तेलंगाना एक्स हैंडल से पोस्ट किया गया, षगिडुगु रुद्र



राजू ने आंध्र प्रदेश पीसीसी अध्यक्ष पद के लिए इस्तीफा दे दिया। 2–3 दिनों में आंध्र प्रदेश के लिए नया पीसीसी प्रमुख होगा। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी और वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की संस्थापक वाईएस शर्मिला की हाल ही में कांग्रेस में एंट्री से अटकलें तेज हो गई थीं कि उन्हें पार्टी में राज्य प्रमुख का पद मिल सकता है। वह 4 जनवरी को नई दिल्ली में कांग्रेस में शामिल हुईं। शर्मिला पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुईं। उन्होंने अपनी वाईएसआर तेलंगाना कांग्रेस के कांग्रेस में विलय की भी घोषणा की थी और कहा था कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी वह उसे पूरा करेंगी।वाईएस शर्मिला कांग्रेस में शामिल होने के बाद शर्मिला ने सबसे पुरानी पार्टी की सराहना करते हुए कहा कि यह देश की सबसे बड़ी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है क्योंकि यह अटूट रूप से सभी समुदायों की सेवा करती है और सभी वर्गों के लोगों को एकजुट करती है। वह आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की छोटी बहन हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना उनके पिता का सपना था और उन्हें इसमें योगदान देकर खुशी होगी। शर्मिला ने कहा कि उन्हें खुशी है कि वह तेलंगाना में कांग्रेस की जीत का हिस्सा थीं। उन्होंने के.चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाले बीआरएस के कथित भ्रष्ट और जनविरोधी शासन को समाप्त करने के लिए तेलंगाना में हाल के विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस को अपना समर्थन देने की घोषणा की थी।

## माघ मेला के प्रथम स्नान मकर संक्रांति पर संगम में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

संवाददाता। लखनऊ ।
आज से शुरू हुए माघ मेला के प्रथम शाही स्नान मकर संक्रांति पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम तट पर 6 डिग्री तापमान और ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं दिखी। सोमवार को लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। प्रशासन का दावा है कि सुबह 10 बजे तक करीब आठ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। मेला प्रशासन के कुम्भ मेला अधिकारी, प्रयागराज, विजय किरण आनंद के मुताबिक शाम 4 तक करीब 17.50 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया। सूरज ढंलने तक श्रद्धालुओं के संगम में स्नान का आंकड़ा बढ़ने का अनुमान है। आज तड़के भोर में करीब तीन बजे सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं द्वारा स्नान का सिलसिला शुरू हो गया था।मकर संक्रांति के दिन, 15 जनवरी 2024 को, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में माघ मेले का शुभारंभ हुआ। सबसे पहले शाही अखाड़ों ने डुबकी लगाई उसके बाद लाखों श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई। कोहरे और ठंड के बीच सिर पर गठरी, हाथों में झोला लिए, श्रद्धालुओं का जनसैलाब सोमवार को संगम पर स्नान के लिए उमड़ पड़ा। संगम जाने वाले सभी मार्गों पर लंबा कारवां लगा था। मेला प्रशासन ने सुबह 10 बजे तक 8.70 लाख श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का दावा किया। प्रथम पुण्य की डुबकी के साथ ही 54 दिवसीय माघ मेले का आरंभ हो गया।माघ मेला भारत के सबसे बड़े धार्मिक मेलों में से एक है। यह मेला हिंदू धर्म के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस दिन, श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाकर अपने पापों से मुक्ति पाने की कामना करते हैं।'माघ मेले की तैयारियां'मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाला माघ मेला भारत के सबसे बड़े धार्मिक मेलों में से एक है। इस बार का माघ मेला महाकुंभ के ट्रायल के रूप में आयोजित किया जा रहा है। मेला क्षेत्र करीब 786 हेक्टेयर में फैला है, जिसे 5 सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर में संतों, भक्तों और कल्पवासियों के लिए शिविर बनाए गए हैं।

मेला क्षेत्र में आठ स्नान घाट बनाए गए हैं, जिनकी लंबाई 3300 फीट है। कल्पवासी और संत छह पांटून पुलों से होकर मेला क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। इस बार 4300 संस्थाओं को मेले में भूमि आवंटित की गई हैं। श्रद्धालुओं के सुरक्षित स्नान के लिए 3.5 किमी दायरे में डीप वाटर बैरिकेडिंग के साथ करीब सात स्थानों पर खोया–पाया केंद्र भी स्थापित किए गए हैं।

## मेंहदीपुर खादर एवं बांगर में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



एजेंसी।
नई दिल्ली संकल्प यात्रा यमुना नदी के किनारे सुदूर ग्रामीण अंचल में हरियाणा बॉर्डर के दोनो अल्पसंख्यक ग्रामों में हुई,जहां लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। काफी तादात में लाभार्थियों के साथ साथ ग्रामवासी मौजूद रहे। शहीद भगत सिंह ने मुल्क की आजादी के लिए अंग्रेजों से लोहा लिया, उनका सपना था कि देश आजाद होगा, तरक्की करेगा और दुनिया का एक विकसित मुल्क होगा । इसी प्रकार असंख्य बलिदानियों ने अपनी मातृभूमि को आजाद कराने के लिये एक लंबा संघर्ष किया और अपने प्राणों की आहुतियां दी , वो बलिदानी भी एक अखंड भारत और खुशहाल भारत का सपना लिए हुए इस दुनिया से चले गए । देश 1947 में आजाद हो गया ,लेकिन उन बलिदानियों के सपनों को पूरा करने के लिए सन् 2014 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इस मुल्क को विकसित बनाने का बीड़ा उठाया और आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री, समाज के उस अंतिम छोर का उत्थान और सरकारी योजनाओं का लाभ दिए जाने के लिए चिंतित हैं, कि कहीं उन योजनाओं का लाभ लेने में कोई वंचित तो नहीं रह गया, जो केंद्र सरकार का मकसद है। उपरोक्त शब्द धीरेन्द्र सिंह विधायक जेवर ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान एक जनसभा में कहे । धीरेन्द्र सिंह ने आगे बताया कि समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए देश के प्रधानमंत्री दिन रात एक किए हुए हैं और उनका सपना है की 2047 तक यह मुल्क दुनिया के विकसित मुल्कों की श्रेणी में आगे आ जाए, और यह तभी संभव होगा जब देश के सभी नागरिक प्रधानमंत्री जी के विजन के साथ आगे बढ़ेंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज मेहंदी पुर खादर और मेहंदीपुर बांगर में पहुंची, जहाँ मेहंदी पुर खादर में जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर श्री मनीष वर्मा जी ने भी ग्राम वासियों के मध्य में देश के प्रधानमंत्री की योजनाओं से अवगत कराया ।जिलाधिकारी के अलावा, जिला विकास अधिकारी सुधा सिंह, उपजिलाधिकारी अभय सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त प्रवीण कुमार सहित ब्लॉक, यमुना प्राधिकरण एवं जिले का सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीताजी के साथ श्रीराम पधारेंगे कश्मीर की मुस्लिम छात्रा ने राम भजन गाकर जीत लिया दिल

एजेंसी। नई दिल्ली एक वीडियो में बतूल को राम भजन गाते हुए देखा गया। सैयद जहरा बतूल ने बताया कि मैंने हाल ही में पहाड़ी भाषा में एक राम भजन लिखा था जो इंटरनेट पर वायरल हो गया। मेरा मानना घ्है कि जैसे–जैसे अयोध्या में राम मंदिर का अभिषेक समारोह नजदीक आ रहा है, हम जम्मू–कश्मीर के लोगों का भी इसमें योगदान होना चाहिए। अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक समारोह के सिलसिले में भगवान राम के भजनों की बढ़ती लोकप्रियता के बीच, जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले की रहने वाली एक मुस्लिम कॉलेज छात्रा सैयद जहरा बतूल द्वारा गाया गया राम श्भजनश इंटरनेट पर तुरंत हिट हो गया है। एक वीडियो में बतूल को राम भजन गाते हुए देखा गया। सैयद जहरा बतूल ने बताया कि मैंने हाल ही में पहाड़ी भाषा में एक राम भजन लिखा था जो इंटरनेट पर वायरल हो गया। मेरा मानना घ्है कि जैसे–जैसे अयोध्या में राम मंदिर का अभिषेक समारोह नजदीक आ रहा है, हम जम्मू–कश्मीर के लोगों का भी इसमें योगदान होना चाहिए।

## मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का आठ सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

### बीस लाख का गांजा उनके कब्जे से एसटीएफ ने किया बरामद

संवाददाता।
लखनऊ । एसटीएफ यूपी को अन्तर्राज्यीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के आठ सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 80 किलोग्राम गांजा जिसकी अर्न्तराष्ट्रीय कीमत लगभग 20 लाख बरामद किया है। अभियुक्त का नाम अभिषेक कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी रैयाकला थाना कुम्हेर जिला भरतपुर राजस्थान, सुमित पुत्र विजेन्द्र सिंह निवासी बाबेन थाना कुम्हेर जिला भरतपुर राजस्थान,भीम सेन पुत्र नन्हे सिंह निवासी बीरपुर थाना नबावगंज, फर्रूखाबाद ।,सोनवीर उर्फ सोनू पुत्र भोला राम निवासी बेगमपुर थाना फरह, मथुरा, विमलेश पुत्र प्रकाश निवासी सदुलीपुर थाना शाहबाजपुर, हरदोई, मोन्टू सिंह चौहान पुत्र नारायण सिंह निवासी जूनियां थाना केकडी, अजमेर (राजस्थान), संदीप कुमार पुत्र हरिवक्स निवासी अनुआ नई बस्ती थाना पंचदेवरा, हरदोई, राजाराम चौधरी पुत्र उमरावं सिंह निवासी गेगा थाना दूदू जिला दूदू राजस्थान है। इनके कब्जे से दो कार फर्जी नंबर प्लेट, नौ मोबाइल फोन, 14,900 रुपये व अस्सी किलोग्राम गांजा किया बरामद। विगत कुछ दिनों से एसटीएफ को बिहार राज्य से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले शातिर तस्करों के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की विभिन्न इकाईयों टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में सत्यसेन यादव, अपर पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ लखनऊ के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्रवाई की जा रही थी। इस क्रम में एक टीम प्रयागराज में मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि कुछ लोग बिहार राज्य से अवैध मादक पदार्थ (गांजा) की बड़ी खेप लेकर एक्सयूबी कार एवं इको कार से बिहार राज्य से प्रयागराज के रास्ते नई दिल्ली जाने वाले है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा कर्मचारी बीमा अस्पताल थाना क्षेत्र नैनी, प्रयागराज के पास दोनों कार को रोककर तलाशी ली गयी, तो उसमें भारी मात्रा में गांजा पाया गया, जिस पर उसे कब्जे में लेते हुए आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जो बड़े पैमाने पर मादक पदार्थ (गांजा) की तस्करी करता है। गिरोह के सदस्य बिहार राज्य से गांजे की बड़ी खेप लाकर नई दिल्ली एवं आस पास के क्षेत्रों में सप्लाई करते है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना नैनी, जनपद–प्रयागराज में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने राम मंदिर प्राण–प्रतिष्ठा से पूर्वपीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी की 100 ई–बसों को किया रवाना

संवाददाता।

लखनऊ अयोध्या ।अयोध्याधाम में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी की 100 इलैक्ट्रिक बसों (ई–बसों) को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जीरो–कार्बन पब्लिक मोबिलिटी पहल के अंतर्गत, अयोध्याधाम बस स्टैंड से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ये ई–बसें अयोध्या पहुंचने वाले गणमान्य जनों, तीर्थयात्रियों तथा स्थानीय नागरिकों के लिए शहर में आवागमन हेतु सार्वजिनक परिवहन की पर्यावरण अनुकूल एवं आरामदायक सुविधा प्रदान करेंगी।उल्लेखनीय है कि इन ई–बसों से शहर को प्रदूषण मुक्त रखने तथा ग्रीन ट्रांसपोर्ट मिशन को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी। 'मेक–इन–इंडिया' पहल के अंतर्गत, भारत में ई–बसों के अग्रणी निर्माता पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी इंडिया के पास राज्य में ई–बसों का सबसे बड़ा बेड़ा है।इस मौके पर, डॉ आंचल जैन, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्रा लिमि ने कहा, "हमें इस बात की बेहद खुशी है और हम खुद को सम्मानित महसूस कर रहे हैं कि ये ई–बसें श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से ठीक पहले परिचालन शुरू करेंगी। यह पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी के लिए गर्व का अवसर है कि हमारी ई–बसें अयोध्या नगरी में चलेंगी और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2070 तक नैट जीरो राष्ट्र का लक्ष्य साकार करने में योगदान करेंगी। हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी आभारी हैं जिन्होंने हमें राज्य में ग्रीन पब्लिक मोबिलिटी परिचालनों को मजबूती प्रदान करने का यह अवसर दिया है। हमारी ई–बसें देशभर में अपनी क्षमताओं को पहले ही प्रमाणित कर चुकी हैं और ये देश में पर्यावरण सुधार में भी सहायक होंगी।" समूचे उत्तर प्रदेश में पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी की 700 ई–बसें पहले से ही तैनात हैं जिनसे 11036 टन कार्बन फुटप्रिंट में कटौती करने के साथ–साथ 1,62,06,750 लीटरध1.46 करोड़ रु का डीजल खर्च बचाने में भी मदद मिलेगी। डॉ जैन ने कहा, "हम सार्वजिनक परिवहन के विद्युतिकरण के राज्य के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को और मजबूत बनाने को लेकर उत्सुक हैं और आने वाले समय में राज्य के सभी प्रमुख शहरों के लिए और भी ई–बसें उपलब्ध कराएंगे।" अयोध्या में जीरो कार्बन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यहां इन ई–बसों को सार्वजनिक परिवहन बेड़े में शामिल किया गया है।

# नशीली एवं प्रतिबन्धित दवाओं की तस्करी करने वाले अर्न्तराज्यीय गैंग के दो गिरफ्तार

लखनऊ ।एसटीएफ यूपी को थाना कोतवाली जनपद सहारनपुर क्षेत्र से नशीली व प्रतिबन्धित दवाओं की तस्करी करने वाले अर्न्तराज्यीय गैंग के दो सदस्यों को भारी मात्रा में नशीली दावाओं के साथ गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम शाहबाज पुत्र सरताज निवासी रामपुर थाना गंगनहर रूडकी हरिद्वार, उत्तराखण्ड, एहतेशाम पुत्र उस्मान अहमद निवासी बाजोरिया रोड गांव घोघरेकी आहत थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर है। इसके कब्जे से 1280 डिब्बा नशीली दवाएं (175 डिब्बे ।स्च्टौ ।थ्म 0.5, 638 डिब्बे ज्त।डॅम्स्ैत 100, 467 डिब्बे ज्त।झम्ड–100) अनुमानित कीमत 80 लाख रुपये बरामद किया है।एसटीएफ उत्तर प्रदेश को नशीली व प्रतिबन्धित दवाओं एवं मादक पदार्थो की तस्करी करने वालो गिरोहो के बार में सूचना प्राप्त हो रही थी। जिसके सम्बन्ध में एस०टी०एफ० की इकाईयों टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था। इसी कम में बृजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ फील्ड यूनिट मेरठ के निर्देशन में टीम गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्रवाई प्रारम्भ की गयी तथा अभिसूचना तन्त्र को सकिय किया गया।निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में उ.नि.दुर्वेश डबास, उ.नि. प्रमोद कुमार, हे.कां. प्रीतम सिंह हे.कां. विवेक पवॉर, हे. कां. विनय कुमार, हे.कां. प्रदीप धनकड, हे.कां. रकम सिंह, हे. कां. हे.कां.रोमिश तोमर, हे.कां. जोशी राणा एवं हे.कां. विकास धामा की टीम द्वारा जनपद सहारनपुर क्षेत्र में अभिसूचना संकलन किया जा रहा था। इस दौरान सूचना मिली कि दो व्यक्ति नशीली दवाईया लेकर किसी को देने के लिए जाने वाले जो जुबली पार्क के पास खड़ा है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर उक्त दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार अभियुक्त एहतेशाम ने बताया कि वह ताज मार्केट सहारपुर में हेल्थ केयर मेडिकल एजेन्सी चलाता है, जिसकी आड़ में नशीली एंव प्रतिबन्धित दवाओं की तस्करी करता है। साथ ही ली–फोर्ट कम्पनी में एमआर का काम भी करता है। इनके द्वारा अंकित पुत्र राजेन्द्र निवासी नियाजपुरा मजरा साहबुददीनपुर गली नंबर–8 मु.नगर से प्रतिबन्धित दवाएं खरीदी जाती है। यह लोग लगभग 4–5 वर्षो से नशीली व प्रतिबन्धित दवाएं खरीदकर जनपद सहारनपुर, उत्तराखण्ड एवं पंजाब आदि राज्यों में तस्करी करते है। अभियुक्त एहतेशाम नशीली दवाएं के बेचने के सम्बन्ध में जनपद मोगा पंजाब से तथा अभियुक्त शाहबाज थाना जनकपुरी जनपद सहारनपुर से मादक पदार्थों की तस्करी में विगत वर्ष जेल भेजा गया था । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना कोतवाली जनपद सहारनपुर को सौंप दिया गया है।

## महिला को खरीदकर ले जा रहे थे राजस्थान, 112 ने बरामद किया

संवाददाता।

लखनऊ ।पीआरवी की सक्रियता से एक महिला गलत लोगों के चुंगल से बच गयी। पुलिस ने महिला को सकुशल बरामद करने के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफल रही। यूपी–112 को एक कॉलर ने फोन कर बताया कि कुछ लोग बस से जबरन एक महिला को लेकर जा रहे हैं। कॉलर ने बस नंबर के साथ ये भी बताया कि बस अभी अयोध्या–लखनऊ मार्ग पर सत्ती चौरा चौकी को क्रास कर रही है। सूचना के अधर पर पीआरवी–3119 बस का पीछा कर भेलसर के पास रोक कर यात्रियों से पूछताछ की तो एक 25 वर्षीय महिला ने रोते हुए घटना को बताया कि उसे ले जा रहे थे राजस्थान । पीड़ित महिला ने पीआरवी कर्मियों को बताया कि वह गोरखपुर की रहने वाली है। महिला का आरोप है कि उसे एक लाख रुपये में खरीद कर आरोपी लालू सिंह, गोपाल सिंह, हुकुम सिंह और सुशील राजस्थान लेकर जा रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पीआरवी कर्मियों ने तत्काल घटना की जानकारी रुदौली थानाध्यक्ष दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को अपने संरक्षण में लेकर चारों आरोपियों को हिरासत में लिया।

## भाजपा सरकार के बड़े–बड़े दावों की खुल चुकी है पोल - अखिलेश यादव

संवादाता।

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को पिछड़ा राज्य बनाने में कोई कोर–कसर नहीं छोड़ी है। भाजपा सरकार के बड़े–बड़े दावों की पोल खुल गई है। महिलाओं के अपराध में उत्तर प्रदेश नम्बर एक है। पुलिस हिरासत में लोगों की मौतों के मामले में भी उत्तर प्रदेश अव्वल है। बिजली, पानी, सड़क में कोई प्रगति नहीं हुई है। हर तरफ अराजकता की स्थिति है। भाजपा ने ''नमामि गंगा'' प्रोजेक्ट के नाम पर करोड़ों रूपये का भ्रष्टाचार किया है। गंगा आज तक निर्मल नहीं हो पाई। न वरूणा साफ हुई और न काली नदी। समाजवादी सरकार में गोमती नदी की सफाई और सुन्दरीकरण की योजना बनी और कार्यान्वित हुई। गोमती रिवरफ्रंट आज आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। शहर में जनेश्वर मिश्र पार्क और लोहिया पार्क ऑक्सीजन का मुख्य केन्द्र बने हैं, जिन्हें भाजपा सरकार ने पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। बरेली में पीडब्लूडी अफसरों ने मुख्यमंत्री से एक टूटी सड़क का लोकापर्ण करा दिया। इस सड़क के कई हिस्सों में गड्ढे हैं। नवाबगंज, बीजामऊ मार्ग के 16वें किलोमीटर तक गड्ढे ही गड्ढे हैं। इस सड़क पर कम से कम 30 गावों के डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों का आवागमन रहता है। भाजपा सरकार का स्मार्टसिटी दावा मतलब कूड़े–कचरे की फुल गारंटी। राजधानी लखनऊ इस बार कई पायदान नीचे स्मार्टसिटी के मानकों पर फिसल गया। राजधानी लखनऊ में कूड़ा निस्तारण की ठीकठीक व्यवस्था नहीं बन पाई है। अन्य जनसुविधाओं में भी यह शहर फिसड्डी साबित हो रहा है। बरेली में हर गली, सड़क पर गंदगी और कचरे का अम्बार, महिलाओं के लिए बनाए गए पिंक शौचालय बदहाल हैं। मुख्यमंत्री का दावा है कि वे गोमाता के बड़े भक्त हैं किन्तु उनकी सरकार में गौशालाओं में गायों की दुर्दशा है। चारे और चिकित्सा तक की सुचारू व्यवस्था नहीं है। बेसहारा गोवंश के संरक्षण के लिए प्रतिमाह करोड़ों रूपये का भ्रष्टाचार हो रहा है। सर्दी से बीमार गायों को बचाने के भी इंतजाम नहीं है। ठंड से गाएं मर रही है।

## लखनऊ में होगी संजय मिश्रा की फिल्म अंतिम फाँसी की शूटिंग

संवाददाता।

लखनऊ। फिल्म शूटिंग के क्षेत्र में लखनऊ बॉलीवुड के पसंदीदा शहरों में से एक है, वर्तमान दिनों में कोई न कोई सितारा अपनी फिल्म की शूटिंग के लिए लखनऊ की तरफ अपना रुख कर रहा है, इसी क्रम में अगला नाम है फिल्म अंतिम फाँसी का जिसकी शूटिंग भी जल्द लखनऊ, बाराबंकी, मलिहाबाद में शुरू होने वाली है।कृष्णा शांति प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही इस फिल्म की शूटिंग जनवरी माह के अंत में लखनऊ से शुरू होगी और लगभग एक माह तक चलेगी।बॉलीवुड में अपनी अदाकारी का लोहा मनवा चुके संजय मिश्रा इस फिल्म में मुख्य किरदार अदा करेंगे जबकि उनके साथ बॉलीवुड की मंझी हुई अदाकारा जरीना वहाब भी इस फिल्म में नजर आएंगी। इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए संजय मिश्रा ने कहा कि यह किरदार बहुत ही गम्भीरता और गहराई में डूबा हुआ किरदार है और किसी भी एक्टर के लिए इस तरह के किरदार को निभाना अपने आप में गर्व की बात है। इस फिल्म के लेखक और निर्देशक अरविंद कुमार पांडेय हैं। जबकि इसको प्रोड्यूस सूरज सूर्य मिश्रा और शालू मिश्रा कर रहे हैं। फिल्म की खास बात यह है की इसमें लखनऊ के लोकल कलाकारों को अपना जौहर दिखाने का पूरा मौका मिलेगा। लेखक और निर्देशक अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि यह फिल्म बेहद संवेदनशील विषय पर फिल्म है और इस तरह की कहानी अभी तक कही नहीं गई है। इस फिल्म में केरला स्टोरी फेम के उमर शरीफ, बजरंगी भाईजान फेम मुस्तकिल कुरैशी सरीखे अन्य कलाकार भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म निर्माता सूरज सूर्य मिश्रा और शालू मिश्रा ने कार्यक्रम में बताया कि अंतिम फाँसी इमोशन, ड्रामे से भरपूर एक जीवंत फिल्म होगी, जो कहीं न कहीं लोगों को समाज के सच से मुखातिब करेगी।

# बटेश्वर पहुंचे, प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ब्रह्मलाल मंदिर बटेश्वर नाथ की विधि– विधान से पूजा अर्चना कर, स्वच्छ तीरथ अभियान का किया शुभारम्भ

संवाददाता।

लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री तथा जनपद आगरा के प्रभारी मंत्रीए. के. शर्मा रविवार को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर आगरा जनपद की बाह तहसील स्थित बटेश्वर पहुंचे, जहां पर उन्होंने ब्रह्मलाल मंदिर बटेश्वर नाथ भगवान की विधि– विधान से पूजा अर्चना की और हाथ में झाडू उठाकर मंदिर परिक्षेत्र की साफ–सफाई की और प्रदेश के सभी निकायो में आज से 21जनवरी तक चलने वाले श्स्वच्छ तीरथ,क्लीन सिटी व प्लास्टिक फ्री सिटीश् सफाई अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने आम जनमानस को भी श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक कार्यक्रम से जुडने का आह्वान किया और सभी निकाय कर्मियों को भी अभियान के दौरान सभी धार्मिक, पूजा व ऐतिहासिक स्थलों की साफ–सफाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से आगामी 22 जनवरी को अयोध्या धाम में पुरुषोत्तम भगवान श्री राम मंदिर के होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के दृष्टिगत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को साफ सुथरा व कचरा मुक्त कर सुंदर बनाने के लिए आज 14 जनवरी से 21 जनवरी, 2024 तक एक सप्ताह का साफ सफाई, स्वच्छता व सुशोभन का विशेष महाअभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। सफाई अभियान के दौरान सभी निकायों में स्थित धार्मिक, आध्यात्मिक व तीर्थ स्थलों, ऐतिहासिक व पर्यटक स्थलों, पवित्र नदी घाटों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष साफ सफाई, स्वच्छता एवं सुशोभन का कार्य किया जाएगा, जिससे की प्राण प्रतिष्ठा के दिन सत्यम, शिवम्, सुंदरम की अवधारणा पर नागरिकों को खासतौर से शुद्धता, सुंदरता व स्वच्छता के माहौल का अलग ही अनुभव हो। इसके लिए आज से 21 जनवरी तक एक सप्ताह का श्स्वच्छ तीरथ,क्लीन सिटी व प्लास्टिक फ्री सिटीश् अभियान सभी निकायों में चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई अभियान के दौरान माननीय प्रधानमंत्री जी की मंशानुरूप ही सभी धार्मिक, सार्वजनिक व ऐतिहासिक स्थलों और उसके आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई कराई जाएगी। इस दौरान मंदिर के ट्रस्ट और मैनेजमेंट पदाधिकारी तथा आमजान व स्वयं सहायता समूह के सहयोग एवं भागीदारी से सफाई व सुशोभन का कार्य सुनिश्चित कराया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने मंदिर में बटेश्वर भगवान की पूजा अर्चना की और अयोध्या धाम में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की ऐतिहासिक सफलता का आशीर्वाद भी मांगा। उन्होंने कहा कि श्री राम हमारी आत्मा ही नहीं है बल्कि हमारी आस्था, संस्कार व प्रेरणा के स्रोत भी हैं, सभी जनमानस के हृदय में चिरकाल से श्री राम बसते आए हैं, इसमें किसी को भी तनिक संदेह नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने फतेहपुर सीकरी सांसद राजकुमार चाहर, आगरा की महापौर हेमलता कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया जी तथा सैकड़ों भक्तों व कार्यकर्ताओं, सफाई कर्मियों के साथ यमुना के घाट, प्राचीन शिव मंदिर श्रंखला तथा आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। प्रभारी मंत्री ने आह्वान किया कि माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के सपनों को साकार करने के लिए अयोध्या में श्री राम मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा तक सभी पवित्र धार्मिक स्थानों ,मंदिरों देव स्थानों, पर्यटन स्थलों व नगर निगम तथा नगरीय निकायों सभी ग्राम पंचायतों में गली– गली स्वच्छता अभियान चलाकर 22 जनवरी को अपने घरों में दीपक जलाकर भगवान श्री राम जी का पूजन कर दीपावली मनाएं। कार्यक्रम स्थल पर पत्रकार वार्ता करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर जब पूरे देश व प्रदेश अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त राम मय हो रहा है ऐसे समय में प्रधानमंत्री जी ने सभी देशवासियों को और सभी सरकार से जुड़े लोगों से आह्वान किया कि जो अयोध्या में साफ सफाई, स्वच्छता का कार्य शुभारंभ हुआ है इसी परिप्रेक्ष्य में पूरे देश व राज्य में स्वच्छ तीर्थ का अभियान चलाया जाए। नगर विकास मंत्री ने बताया कि जो हमारे मंदिर व पवित्र स्थान तथा पर्यटन स्थल हैं सभी जगह स्वच्छता सुनिश्चित की जाए, उन्हें और बेहतर, सुंदर तथा पवित्र बनाया जाए। उन्होंने बताया कि मोदी जी के आह्वान पर उसी अभियान के निमित्त इस बटेश्वर महातीर्थ में, अटल जी की इस पावन जन्मभूमि में सांसद, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष महोदया के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने यथा शक्ति श्रमदान व सफाई, स्वच्छता का कार्य किया। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा सप्ताह हम सभी इस बटेश्वर तीर्थ ही नहीं सम्पूर्ण राज्य तथा जनपद के सभी तीर्थ स्थानों की स्वच्छता में योगदान देंगे। मंत्री ने सभी से स्वच्छता अभियान में सहभागिता करने की अपील की तथा बाबा बटेश्वर नाथ व भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी को नमन किया। उन्होंने कहा कि जब भोले बाबा स्वयं प्रभु राम के जन्मोत्सव व लंका विजय में शामिल हुए, भगवान शिव स्वयं प्रभु राम के साथ रहे, मेरी व्यक्तिगत सलाह है कि विपक्ष के लोग भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जाकर शामिल होना चाहिए।उन्होंने कहा कि राम भारत की आत्मा में बसते हैं, देश राम मय है,राम सभी के हैं। प्रभारी मंत्री ने निकाय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सफाई महा अभियान में सभी निकाय अपने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों का भी सहयोग लेने का प्रयास करेंगे। प्लास्टिक निषेध के लिए सभी धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों व सार्वजनिक स्थलों के आसपास नो प्लास्टिक बैग क्षेत्र भी विकसित करें। लोगों को प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए भी जागरूक करें, प्लास्टिक की बोतल, थैली, प्लेट, गिलास, कप,चम्मच को रिसाइकल करने की भी व्यवस्था करें। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार हेतु प्लॉग रन, मैराथन एवं मशाल मार्च आदि का भी आयोजन करें।

## उप मुख्यमंत्री ने हर ग्राम -अयोध्या धाम, हर मन्दिर -श्री राम मन्दिर के पवित्र भाव के साथ चलाया स्वच्छता अभियान

संवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को प्रातः लखनऊ के निराला नगर के बालकेश्वर हनुमान मंदिर से विशेष स्वच्छता अभियान में शामिल होकर की सफाई की। प्रधानमंत्री के आह्वान पर 14 से 22 जनवरी तक चलाये जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के तहत उप मुख्यमंत्री ने सबेरे ही मन्दिर परिसर के आस पास स्वच्छता अभियान चलाया।उप मुख्यमंत्री ने स्वयं झाडू लगाया, कूड़ा उठाकर कूड़ा गाड़ी में भर कर सम्पूर्ण स्वच्छता का दिया सन्देश । उप मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चलायें गये इस स्वच्छता अभियान में भारी संख्या सामाजिक कार्यकर्ता , रामभक्त, व समाजसेवी भी सम्मिलित रहे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 'हर ग्राम –अयोध्या धाम, हर मन्दिर –श्री राम मन्दिर' के पवित्र भाव के साथ यह स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने हर व्यक्ति से इस स्वच्छता अभियान में सहभागिता करने की अपील की।उप मुख्यमंत्री ने वहां पर गायों को हरा चारा भी खिलाया। राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग विजयलक्ष्मी गौतम ने विधान सभा क्षेत्र सलेमपुर जनपद देवरिया के दिघेश्वर नाथ मंदिर में विशेष स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की और राम भजन संकीर्तन में भाग लिया।

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मकर संक्रांति के पर्व पर देश व प्रदेशवासियों को दी बधाई

संवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मकर संक्रांति के पावन त्योहार पर देश व प्रदेशवासियों को बधाई व मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि देश के विभिन्न भागों में मकर संक्रांति का त्यौहार अनेक तरह से मनाया जाता है। यह त्यौहार हमारी गौरवशाली संस्कृति व एकता का प्रतीक है। श्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि यह त्यौहार आपसी भाईचारे की भावना और राष्ट्रीय एकता की कड़ी को मजबूत करने का संदेश देता है और हमें अपनी गौरवशाली संस्कृति और परंपराओं के अनुरूप त्योहार को मनाना है ।

## मंत्रीगणों ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी

लखनऊ। प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री एवं उपभोक्ता मामले आशीष पटेल, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल, दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप तथा उद्यान, कृषि–विपणन, कृषि–विदेश व्यापार, कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। शुभकामना संदेश में मंत्रीगणों ने कहा कियह त्योहार भारतीय समृद्धि, संस्कृति, और एकता का प्रतीक है। देशभर में विभिन्न रूपों में मनाया जाता है, जो हमारी विविधता को दर्शाता है। यह त्योहार हमें अपनी गौरवशाली संस्कृति के साथ जोड़कर राष्ट्रीय एकता की भावना से भर देता है। इस पर्व के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को सुख, समृद्धि, और खुशियाँ मिलें।

## छात्र व छात्राओं की सुगमता हेतु 230 परीक्षा केन्द्र निर्धारित

संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित वर्ष 2024 की पूर्व मध्यमा द्वितीय से उत्तर मध्यमा द्वितीय स्तर तक की परीक्षाएं 15 फरवरी से 29 फरवरी 2024 तक 13 कार्य दिवसों में सम्पन्न करायी जाएगी। उक्त जानकारी उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के सचिव शिव लाल ने दी। सचिव शिव लाल ने बताया कि इस बार वर्ष 2024 की परीक्षा में कुल 49,736 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

# लोकतंत्र को कमजोर करने पर तुली है भाजपा– अखिलेश यादव

संवाददाता।

लखनऊ ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि आज सवाल संविधान और लोकतंत्र को बचाने का है कि कैसे संविधान और लोकतंत्र बचे? भाजपा की डबल इंजन सरकार में आरएसएस की विचारधारा वाले लोग हर पद पर बैठ गए हैं। जो सरकार संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने पर तुली हो उससे कैसे लड़ाई लड़ी जाय, यह सोचने का विषय है। जो राजनीतिक दल और लोग संविधान और लोकतंत्र को बचाना चाहते है, हम उन्हीं के साथ हैं। इंडिया गठबंधन के साथ पीडीए इस बार भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनाव में करारी शिकस्त देने जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार के समय में बना फीनिक्स पलासियों मॉल जिसे भाजपा सरकार ने बेच दिया है। यहीं फीनिक्स पलासियों मॉल में मीडिया से एक साक्षात्कार में कहा कि संविधान के प्रिएंबल में समाजवाद शब्द है। हम नेता मुलायम सिंह को धन्यवाद देंगे कि उन्होंने हमको वह विरासत दी है जिसे हमें आगे ले जाना है। बाबा साहब ने हमको जो अधिकार दिए थे भाजपा उन्हें छीन रही है। इसलिए समाजवादी पार्टी की जिम्मेदारी बड़ी हो गई है कि वह उन मूल्यों को बचाए। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी की बड़ी भूमिका होगी। कहा कि चीफ आफ दि आर्मी स्टाफ ने कहा है कि 2027 तक एक लाख फौजियों की कमी हो जाएगी। अग्निवीर व्यवस्था जानबूझकर लाई गई है। वह इसलिए लाई गई है कि जो हमारे पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक भाई फौज में भर्ती हो जाते थे, उनका सोशल स्टेटस बेहतर हो जाता था। भाजपा अग्निवीर योजना लाकर नौजवानों का भविष्य खराब कर दिया है। चार साल की फौज की नौकरी कौन नौजवान करना चाहेगा? नौजवानों को भाजपा को वोट नहीं देना चाहिए। समाजवादी पार्टी अग्निवीर योजना के पक्ष में नहीं है। वह पहले जैसी भर्ती की पक्षधर है जिसमें नौजवानों को पूरी नौकरी और पेंशन मिलती थी। नेताजी ने शहीदों को जो सम्मान दिया वह सम्मान अग्निवीरों को नहीं मिल रहा है।

# अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गुड्डू वारसी गैंग के पांच सदस्य चार ट्रक के साथ गिरफ्तार

संवाददाता। लखनऊ । एसटीएफ यूपी को अन्तर्राज्यीय वाहन चोरी करने वाले गुड्डू वारसी गैंग के पांच सदस्यों को चोरी के चार ट्रक, इंजन व चेसिस नम्बर को कूटकरण करने वाले उपकरणों व कूटरचित दस्तावेजों सहित गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम मोहम्मद शाकिर पुत्र चाऊ खां निवासी मोहनपुर थाना कैण्ट जनपद बरेली, सैय्यद सबाहत साबरी पुत्र सैय्यद मुसर्रत अली निवासी मोला नगर थाना प्रेमनगर जनपद बरेली, मोहम्मद फईम पुत्र रईस अहमद निवासी महेशपुर अटरिया थाना सीबीगंज जनपद बरेली।मुजीबुर्रहमान पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम जमसामन्त सुमाली थाना बहेड़ी जिला क्रीड़ा, अब्दुल रऊफ पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम जमसामन्त सुमाली थाना बहेड़ी जनपद बरेली है। इनके कब्जे से ट्रक नंबर– यूपी 81 सीटी 1960,ट्रक नंबर– यूके 06 सीबी 5140,ट्रक नंबर– यूपी 25 सीटी 1383,ट्रक नम्बर– फख 46 ध्अ 4051,कूटकरण करने वाले उपकरण , 01 अदद हथौड़ी, पांच मोबाइल फोन, वाहनों के कूटरचित दस्तावेज बरामद किया है। एसटीएफ यूपी को विगत काफी समय से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में वाहन चोरी के गिरोह के सक्रिय होने की सूचनायें प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की विभिन्न इकाईयों टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में अब्दुल कादिर, पुलिस उपाधीक्षक, एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली के पर्यवेक्षण में 30नि. राशिद अली, मु.आ. रामजी लाल, मु.आ. गिरिजेश पोसवाल, मु.आ. संदीप, मु.आ. शिवओम पाठक, मु.आ. नितिन, मु.आ. कुलदीप, आ. संजय यादव, आकमाण्डो रामकिशन वर्मा एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली की टीम गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्रवाई प्रारम्भ करते हुए अभिसूचना तन्त्र को सक्रिय किया गया।अभिसूचना संकलन के दौरान विश्वसनीय स्रोत के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुयी कि अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गुड्डू वारसी गैंग के पांच सदस्य हाइवे नेस्ट फैमिली ढाबा बड़ा बाईपास लखनऊ–दिल्ली हाइवे चौकी क्षेत्र अहलादपुर थाना इज्जतनगर जनपद बरेली के पास चोरी के चार ट्रक लिये खड़े है। मुखबिर की इस सूचना पर विश्वास करके उक्त स्थान से मुखबिर की निशानदेही पर उपरोक्त व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से उपरोक्त चोरी के चार ट्रक व कूटरचित दस्तावेज व वाहने के इंजन नम्बर व चेसिस नम्बर कूटकरण के उपकरण बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम लोग उत्तराखण्ड राज्य के सितारगंज निवासी नवाब वारसी उर्फ गुड्डू वारसी उर्फ फिटवेल टेलर गैंग के सदस्य है। हम लोग चोरी के वाहनों पर एक्सीडेन्टल टोटल लॉस के इंजन नम्बर व चेसिस नम्बर खोदकर मणिपुर, राजस्थान, हरियाणा व पंजाब से फर्जी एनओसी तैयार कर आरटीओ कार्यालय में मिलीभगत कर रजिस्टर्ड कराकर मोटी रकम में बेच देते है या अपने पास रख लेते है। कुछ समय पश्चात् इन वाहनों को कबाडी से कटवाकर उनकी चोरी की रिपोर्ट पंजीकृत कराकर बीमा कम्पनियों से बीमा की रकम ले लेते है। अब तक गुड्डू वारसी ने हमारे साथ मिलकर लगभग 100 से अधिक गाड़ियों को फर्जी कागजात लगाकर मोटी रकम लेकर बेच दिया है। जनपद बरेली के पुराना शहर थाना बारादरी निवासी अनीस कबाड़ी से हमने वढ 25 अळ 1108 व वढ 25 एळ 5567 व अन्य कई गाड़ियों को कटवाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के फिराक में थे।नवाब वारसी उर्फ गुड्डू वारसी निवासी सितारगंज जनपद ऊधमसिंह नगर उत्तराखण्ड गैंग का सरगना है तथा अन्तर्राज्यीय स्तर का शातिर वाहन चोर है।

# गणतन्त्र दिवस परेड में 'विश्व एकता व वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश देगी सी.एम.एस. की झाँकी

लखनऊ, 14 जनवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल आगामी 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस परेड में प्रदर्शित होने वाली अपनी अद्भुत झाँकी के माध्यम से 'विश्व एकता एवं वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश जनमानस को देने जा रहा है। 'विश्व एकता लाना है, वसुधा कुटुम्ब बनाना है' विषय पर आधारित सी.एम.एस. की यह प्रेरणादायी झाँकी जनमानस को देश के प्राचीन साँस्कृतिक दर्शन व भारतीय संविधान में समाहित 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना से तो अवगत करायेगी ही, साथ ही एकता, शान्ति, सद्भाव व सौहार्द पर आधारित विश्व व्यवस्था का आह्वान भी करेगी। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. की यह झाँकी समस्त जनमानस को अनेकता में एकता, सर्वधर्म समभाव एवं विद्यालय को समाज का प्रकाश स्तम्भ के रूप में प्रदर्शित कर उच्च जीवन मूल्यों का अनुसरण करने की प्रेरणा देगी।




'विश्व एकता लाना है, वसुधा कुटुम्ब बनाना है' विषय पर आधारित सिटी मोन्टेसरी स्कूल की झाँकी का एक दृश्य। यह झाँकी आगामी 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस परेड में आम जनता के विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी।

श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. की झाँकी पाँच भागों में हैं और सभी भाग एक अनूठे ढंग से विश्व एकता का संदेश दे रहे हैं। झाँकी के प्रथम भाग में एक बच्चा ग्लोब उठाये हुए सारे विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दे रहा है जबकि द्वितीय भाग में अनेकता में एकता की भावना का प्रदर्शन करते हुए एक ही छत के नीचे मन्दिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरूद्वारा, बौद्ध विहार, बहाई मन्दिर आदि विभिन्न पूजा स्थल दिखाये गये हैं, जो यह दिखाता है कि सभी

धर्मों का स्रोत एक ही परमपिता परमात्मा है। यहीं पर सी.एम.एस. छात्र झाँकी गीता 'विश्व एकता लाना है, वसुधा कुटुम्ब बनाना है' पर नृत्य प्रस्तुत कर रहें है। झाँकी के तृतीय भाग में एक विद्यालय दिखाया गया है जहाँ बच्चे विभिन्न धर्मग्रंथों के माध्यम से हृदयों की एकता का संदेश प्रसारित कर रहे हैं। झाँकी का चौथे भाग में स्कूल को समाज के प्रकाश स्तम्भ के रूप में दर्शाया गया है। विद्यालय यदि समाज को प्रकाश केन्द्र नहीं बनेगा तो समाज का उत्थान व विकास संभव नहीं होगा। झाँकी के अंतिम भाग में शिक्षक बच्चों को शिक्षा प्रदान करते हुए दर्शाये गये हैं। झाँकी का यह भाग संदेश दे रहा है कि शिक्षक भावी पीढ़ी के चरित्र निर्माता, नैतिकता के संवाहक और संस्कृति के रक्षक होते हैं।

श्री शर्मा ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2024 को निकाली जाने वाली यह झाँकी सम्पूर्ण विश्वसमाज को समर्पित है और दुनिया को स्वर्ग बनाने के लिए प्रेम और प्यार से रहने के लिए प्रेरित कर रही है। झाँकी का निर्माण बड़े जोर–शोर से जारी है, जिसमें लगभग 100 कारपेन्टर, आर्टिस्ट, इंजीनियर व अन्य कार्यकर्ता दिन–रात लगे हुए हैं।

# अनन्या पाण्डेय को 64,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

लखनऊ, 15 जनवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस की छात्रा अनन्या पाण्डेय को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित पेस यूनिवर्सिटी द्वारा 64,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। अनन्या को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. की इस मेधावी छात्रा ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।


अनन्या पाण्डेय

वर्ष 2023 में सी.एम.एस. के 100 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), मैसाचुसेट्स इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.आई.टी.), स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी, मेलबर्न यूनिवर्सिटी एवं नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष भी सी.एम.एस. छात्र रिकार्ड संख्या में विदेश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का गौरव बढ़ायेंगे।

# उद्योग महानगर महिला मंडल द्वारा संक्रांति और लोहड़ी पर उत्सव मनाया गया

झांसी! उत्तर प्रदेश उद्योग महानगर महिला व्यापार मंडल द्वारा आज यात्रिक होटल में लोहड़ी और संक्रांति पर उत्सव मनाया गयामहानगर अध्यक्ष रजनी गुप्ता की अध्यक्षता में संक्रांति पर्व पर सभी ने पंजाबी थीम पर कार्यक्रम आयोजित कियाकार्यक्रम में लोहड़ी के उपलक्ष में सभी ने पंजाबी धुनों पर अलग–अलग परफॉर्मेंस दिए कार्यक्रम में पंजाबी क्वीन मधु अग्रवाल को स्पेशल गिफ्ट दिया गया। अलग–अलग गेम्स में नेहा झा अलका मित्तल अनीता वासुदेव सीमा तिवारी सोनम गुप्ता विजयी रहे रजनी गुप्ता ने कहा लोहड़ी उत्साह और उमंग से सिंचित सकारात्मकता का एक महान पर्व होता है। लोहड़ी के लोकगीत संगीत के सुरीले सुरों से मन को शांति पहुंचाते हैं। लोहड़ी के दिन एक आवाज में कहें कि समाज में व्याप्त हर प्रकार की बुराई से लड़ाई, हम सब मिलकर लड़ेंगे। लोहड़ी पर्व है सकारात्मकता और नई शुरुआत का..कार्यक्रम में रजनी गुप्ता रेनू शुक्ला सोनम गुप्ता रश्मि महेंद्रु अनीता वासुदेव अनामिका टंडन प्रियंका सेठ सीमा तिवारी पल्लवी चतुर्वेदी राम श्री बरसिया रजनी सेठ नेहा झा स्वीटी अरोरा विनीता नगरिया अलका मित्तल इत्यादि शामिल हुए कार्यक्रम के अंत में रजनी गुप्ता व संयोजिका रेनू शुक्ला ने सभी को रेवड़ी मूंगफली पॉपकॉर्न इत्यादि मिष्ठान भेंट किया तथा कार्यक्रम के अंत में रेनू शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# एक्सप्रेस वे पर आपस में टकराईं दो सवारी बस, 30 लोग घायल

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) यमुना एक्सप्रेस वे पर राया क्षेत्र में सोमवार तड़के हुए सडक हादसे में दो बस आपस में टकरा गईं। हादसे में 30 दर्जन लोग घायल हो गए। वहीं एक यात्री की हालत नाजुक बनी हुआ है। हादसा यमुना एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 110 के समीप हुआ। आगरा की तरफ से नोएडा की तरफ का रही दो बस कोहरा में आपस में भिड़ गईं। बस में सवार यात्रियों मे चीख पुकार मच गई। बताया गया कि एक बस नोएडा से धौलपुर जा रही थी। वहीं दूसरी बस इटावा से नोएडा जा रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्राधिकरण के कर्मियों ने बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं हादसे के बाद एक्सप्रेस वे पर यातायात भी प्रभावित हुआ। क्रेन की मदद से दुर्घटना ग्रस्त बसों को हटाया गया और यातायात को सुचारू किया गया। टाटा नेक्सन सवार सुदर्शन सामंता निवासी सेक्टर 93 गुड़गांव ने बताया वह अपने परिवार के साथ वाराणसी जा रहे थे अचानक से सामने चल रहे ट्रक ने ब्रेक मार दी। जिससे उनकी गाड़ी पीछे से घुस गई और उसके बाद अन्य गाड़ियां भी टकरा गईं। जाबरा टोल चौकी प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि कोहरे की वजह से हादसा हुआ है। सभी




घायल प्राथमिक उपचार के बाद गंतव्य के लिए चले गए हैं। क्षतिग्रस्त गाड़ियों को क्रेन की मदद से सड़क किनारे किया गया है। कोहरा अधिक होने के कारण दृश्यता लगभग शून्य थी। इसी कारण हादसा हो गया।

# रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ कर्मी ने बचाई यात्री की जान

झांसी। वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में गिर गए एक यात्री को आरपीएफ कर्मी ने दुस्साहस पूर्ण तरीके से ट्रेन की चपेट में आकर मौत के पंजे से बचा लिया। यात्री के लिए देवदूत बने आरपीएफ कर्मी की सभी ने सराहना की।बताते चले की 13 जनवरी को गाड़ी संख्या 11107 वीरांगना



लक्ष्मीबाई स्टेशन झांसी से चलने के उपरांत एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में ट्रेन के नीचे गिरने लगा तो प्लेटफार्म पर ऑन ड्यूटी कांस्टेबल दीपक कुमार शर्मा की नजर पड़ी। उसने अविलंब अपनी जान की परवाह न करते हुए यात्री को ट्रेन की चपेट में आने से सुरक्षित बचा लिया। आरपीएफ कर्मी का दुस्साहस देख कर सभी आश्चर्यचकित रह गए। बाद यात्री से मेडिकल सहायता लेने को कहा गया तो अपने को स्वस्थ बताते हुए मना किया. यात्री का नाम अश्वनी शर्मा पुत्र मनोज कुमार निवासी आजादपुर जिला ललितपुर बताया गया है। उक्त यात्री की जान बचाने के प्रयास में आरक्षक दीपक कुमार शर्मा प्लेटफार्म पर गिर गए जिन्हें कमर व दाएं हाथ में अंदरुनी चोट लग गई तथा वर्दी भी फट गई, यात्री द्वारा उक्त स्टाफ को अपनी जान बचाने के लिए आभार व्यक्त किया गया तथा मौके पर उपस्थित अन्य यात्रियों व कर्मचारियों ने भी उक्त स्टाफ की काफी प्रशंसा की लोगों ने उक्त स्टाफ की तारीफ काफी की।आरक्षक को प्रभारी निरीक्षक आरके कौशिक व एएसआई देवेन्द्र सिंह ने अनुबंधित वाहन द्वारा ले जाकर रेलवे हॉस्पिटल झांसी में वार्ड संख्या ৬ ए ৬ में भर्ती कराया गया जिनकी देखरेख के लिए अटेंडर के रूप में आरक्षक राजेश कुमार शर्मा को तैनात किया ।

# पारीछा कोलोनी में सुगत बुध्द विहार चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा मिलन समारोह हुआ

रिपोर्ट– विकास शर्मा राशिद पठान झांसी! पारीछा कोलोनी परिसर में सुगत बुध्द विहार चेरीटेबल ट्रस्ट पारीछा के तत्वाधान में एक दिवसीय धम्मदेशना एवं बौद्ध परिवार मिलन समारोह का कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति पूज्य भदन्त कुमार काश्यप महाथेरो अध्यक्ष बुन्देलखण्ड अखिल भारतीय भिक्षु महासंघ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की भिक्खु संघ एवं परियोजना के मुख्य महाप्रबन्धक इं मनोज कुमार सचान जी मुख्यातिथि रहे। विशिष्ट अतिथि आदरणीय रतन लाल अहिरवार पूर्व मंत्री मा तिलक चन्द्र अहिरवार पूर्व mlc आदरणीय इं चन्द्रमा प्रसाद अधीक्षण अभियंता जी, आयु राज बहादुर यादव जी परीक्षा नियंत्रक bku आयु पुष्पा गौतम प्रसाशनिक अधिकारी bku केशव प्रसाद बौद्ध पूर्व ADM डॉ देवेंद्र कुमार,डॉ एस एन कंचन मंगल मैत्री अस्पताल ,आयु गंगाराम अहिरवार पूर्व कमिश्नर इंकमटक्स , इं नरेंद्र कुमार अधिशासी अभियंता, इं त्रिभुवन साहब,इं महेश प्रताप साहब इं बिपिन आर्या जी,भारतीय बौध्द महासभा के पदाधिकारी, अधिवक्ता संघ ,बहुजन संघ,रहे और सफल संचालन कमलेश कोटरा सचिव सुगत प्रबन्धन समिति ने किया कार्यक्रम पूज्य भन्ते कुमार कश्यप महाथेरा अध्यक्ष चेरीटेबल ट्रस्ट पारीछा ने बुध्द बन्दना कर कार्यक्रम सुभारम्भ किया सचिब बी के गौतम पूर्व PRO, रती राम वर्मा पूर्व जिला जज,साथ मे समस्त धम्म बन्धु आपस मे पुष्प गुच्छ देकर सिस्टाचार मिलन एवं भृमण किया पूज्य भन्ते सारिपुत्र जी दतिया ने धम्मदेशना दी अंत मे पूज्य भिक्खु संघ ने समस्त उपासक उपास्काओ को आशीर्वाद दिया।कार्यक्रम में समिति के सक्रिय साथी इंन सुभाष चंद्रा, इं सुमित गौतम,इं अमित सुमन,महेंद्र कुमार,जितेंद कुमार,महरबान मास्टर साहब,रामरतन वर्मा,रामचरण लाल बौद्ध आयु राजेश कुरील जी,राजीव कुमार,राजेन्द्र कुमार,बिनीत गौतम,प्रदीप कुमार, सुशील कुमार कमलेश चौधरी बड़ागांव,मनोहर लाल DRO, महरबान जी ,कैलाश नारायण अमीन महिला उपासक नीतू, रीना,भारती, पूजा,ज्योति, लक्ष्मी,ममता, एवं बहुसंख्या में क्षेत्रीय उपासक उपस्काये मौजूद रहे।



# अब वृंदावन पर है सरकार का ध्यान, कमिश्नर ने फिर ली बैठक

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) सरकार का ध्यान वृंदावन में सुविधाओं को बेहतर बनाने पर है। वृंदावन परिक्रमा मार्ग के सुंदरीकरण पर लगातार काम हो रहा है। वहीं कान्हा की नगरी में आने वाले श्रद्धालुओं को बांकेबिहारी कॉरिडोर का इंतजार है। कमिश्नर ऋतु माहेश्वरी सोमवार की दोपहर को वृंदावन स्थित टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर पहुंचीं। यहां उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह, एसएसपी शैलेश पांडे के अलावा नगर निगम मथुरा वृंदावन के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद कमिश्नर ऋतु माहेश्वरी ने वृंदावन परिक्रमा मार्ग और यमुना के घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आज वृंदावन के टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर में मथुरा वृंदावन नगर निगम एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की गई है। जिसमें मथुरा वृंदावन से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई है। उन्होंने बताया कि मथुरा वृंदावन नगर निगम में सफाई हेतु विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही क्षेत्र तीर्थ विकास परिषद एवं विकास प्राधिकरण के चल रहे अनेको प्रोजेक्टों पर भी ध्यान दिया गया है। जो प्रोजेक्ट चल रहे हैं उनको जल्द से जल्द पूरा करने के लिए जोर दिया गया है। साथ ही जो प्रोजेक्ट शुरू होने हैं, उन पर भी चर्चा की गई है। वहीं उन्होंने बताया कि वृंदावन परिक्रमा मार्ग का भी भ्रमण किया गया है। संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं कि वृंदावन की पंचकोशीय परिक्रमा मार्ग को भव्य और दिव्य बनाया जाए और साथ ही परिक्रमा मार्ग में स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाए। वहीं उन्होंने बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर के मामले में कहा कि कोर्ट के द्वारा फैसला आ चुका है। कोर्ट के फैसले का अध्ययन किया जा रहा है। साथ ही शासन की ओर से जो भी दिशा निर्देश दिए जाएंगे उसके आधार पर कॉरिडोर निर्माण की कार्रवाई की जाएगी।



# अग्रवाल महिला जागृति मंच द्वारा अग्रसेन भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया

झांसी! राम जन्म भूमि मंदिर में प्रभु राम के वाल स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा को मद्ध्देनजर रखते हुए अग्रवाल महिला जागृति मंच द्वारा श्रीमती बबीता गर्ग की अध्यक्षता में अग्रसेन भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया राममय वातावरण में



राम की बारात विकाल कर स्वयंवर रचाया गया एवं प्रभु राम, सीताजी, लक्ष्मन जी एवं हनुमानजी के स्वरूपों को रखकर झांकी लगाई गई। जिसमें क्रमशः शिल्पी अग्रवाल,रीना अग्रवाल, शुभ्रा अग्रवाल एवं हनुमान रूप में सुमुख अग्रवाल ने अभिनय किया। मंच की सदस्याओं के राम के भजनों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया तथा रामस्तुति, भजन, रामधुन, चौपाइध्यों का पाठ किया। सदस्याओं ने दीप जलाकर राम मंदिर निर्माण की खुशियाँ मनाई तथा एक दूसरे को बधाइध्याँ दीं। इस अवसर पर श्रीमती डॉ विनीता, नीलम अग्रवाल, अलका अगुवाल, वेनु, रजनी, रजन अंजू, सविता, स्मिता, सुनीता, सरिता, ममता, माया, सपना, पिंकी, रश्मि, तारा, साधना रेणु, निशा, गीतिका, आरती, गीता, सरिता, सुनीता, करुणा, इन्द्रा, शोभा, अर्चना, पारुल महामंत्री श्रीमती ममता जैन ने आभार प्रकट किया। आदि उपसथित रहीं।

# कोचिंग संस्थान में विदाई समारोह का आयोजन

झांसी! केमेस्ट्री प्वाइंट कोचिंग संस्थान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया समारोह में दसवीं वर्ग व 12वीं वर्ग के छात्र–छात्राओं को विदाई दी गई। इस अवसर छात्रों को उपहार भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए शिक्षक नीति शर्मा ने बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने और परीक्षा में बेहतर अंक लाने की बात कही। साथ ही कोचिंग के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर केमेस्ट्री प्वाइंट कोचिंग के संचालक नीति शर्मा ने बच्चों को बताते हुए यह कहा की हमारा संस्थान लगातार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। उन्हें पूरी उम्मीद है की इस वर्ष भी उनके संस्थान के बच्चे पहले से भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी आगे बताते हुए उन्होंने यह भी कहा कि हमारा संस्थान बच्चों को सिर्फ बेहतर शिक्षा ही नहीं बेहतर संस्कार भी प्रदान करता है। ताकि वह सिर्फ अपने परीक्षा में नहीं बल्कि अपने जीवन व अपने समाज में भी एक बदलाव ला सके। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए शिक्षक मंसूर आलम व अन्वेषक पांडेय ने बच्चों को नई नई व अपने समाज में भी एक बदलाव ला सके। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए शिक्षक भारतेंदु व अंकित वर्मा ने बच्चों को नई नई सीख दी। साथ ही बताया कि जीवन में कभी भी इमानदारी का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। वहीं तैयारी में कोई चूक नहीं करनी चाहिए इस असर पर बच्चों के द्वारा बताया गया कि उन्हें कोचिंग संस्थान की कमी महसूस होती रहेगी। यहां की शिक्षा व यहां का माहौल उन्हें बड़ा याद आएगा। उन्होंने सभी शिक्षकों का धन्यवाद भी किया। वहीं नम आंखों से सबसे विदाई ली। कार्यक्रम के अंत में उपनिदेशक नीति शर्म ने बच्चों को उपहार देकर उन्हें विदा किया।



JAN SHIKSHAN SANSTHAN (AIMWA),LUCKNOW
(Under-Ministry of Skill Development & Entrepreneurship,Govt.of India)
Office: 2/234, Virat Khand,Gomti Nagar, Lucknow-226010 (U.P.)
Skill India

REQUIREMENT

Applications are invited from Indian Citizens for following posts on the contractual basis-

1. Asstt.Programme Officer – One
**Educational Qualification:** Graduation or desirable Vocational Degree/Diploma with experience and Basic Knowledge of Computer Application.
**Emolument Range :** Rs. 18000- 24000 per month consolidated.

2. Accountant cum Manager- One
Educational Qualification: Graduation in Commerce or desirable Vocational Degree/Diploma with experience and knowledge of Computer Application/Tally.
**Emolument Range :** Rs. 18000- 24000 per month consolidated.

Age Limit : 25-45 years as on date of advertisement.

Interested candidates may submit their CVs alongwith zerox copy of all relevant testimonials to the office address by speed post or in person within 10 days from the date of advertisement. Shortlisted candidates called for written/efficiency Test & Interview will not be paid TA or DA.

**Anil Kumar Srivastava**
**Director**

# संपादकीय

## भाजपा गढ़ सुरक्षित, सैंध मुश्किल

हरिशंकर व्यास,

गुरूवार को भोपाल में भाजपा की चुनाव तैयारियों की बड़ी बैठक हुई। शनिवार को जयपुर में बैठक है। इनमें मंदिर को लेकर माहौल और माहौल को दो–ढ़ाई महिने बनाए रखने के रोडमैप पर विचार होता है तो लोकसभा चुनाव की ठोस रणनीति भी बनती हुई है। मतलब यह कि प्रदेश में विधानसभा चुनावों की थकान, सरकार–मंत्रिमंडल के गठन, विधायकों–मंत्रियों से स्वागत दौरे जैसे काम पूरे हुए नहीं उससे पहले ही प्रदेशों में भाजपा ने अपने आपको लोकसभा चुनाव की तैयारियों में झोंक दिया है। जबकि ठिक विपरित छतीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान में कांग्रेस इस वक्त पूरी तरह हताश, लावारिश, बिखरी और बिना नेतृत्व के है। और उत्तर भारत में यह हर तरफ है। तय माने ऐसा अयोध्या में मंदिर कार्यक्रम, गणतंत्र दिवस और राहुल गांधी की यात्रा की भूमिका बनने (मतलब उत्तरपूर्व व बंगाल तक की उनकी यात्रा) तक रहेगा। कांग्रेस किसी स्तर पर भाजपा के गढ (यूपी, गुजरात, एमपी, राजस्थान, छतीसगढ़, हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, हिमाचल, जम्मू, चंडीगढ) की 207 लोकसभा सीटों में जमीनी चुनावी तैयारियां करते हुए, कमर कसते नहीं दिख रही है। यह बात इंडिया एलायंस के अखिलेश यादव व जयंत चौधरी पर लागू है तो अरविंद केजरीवाल पर भी लागू है।

लग रहा है भाजपा भाजपा उम्मीदवारों की सूचियां जनवरी आखिर से आनी शुरू हो जाएगी। इससे पहले संगठन नेता, संघ–भाजपा मशीनरी राम मंदिर के आयोजन के प्रचार में घर–घर हवा बनाते हुए है तो उम्मीदवारों की छंटनी, संगठनात्मक बंदोबस्त करते हुए भी है तो कांग्रेस में तोडफोड की संभावनाएं भी टटोली जा रही है।

इसलिए क्या न माना जाएं कि राम मंदिर की हवा में उत्तर भारत की 207 सीटों में कांग्रेस और इंडिया एलायंस रामभरोसे ही रहेगा। यों विपक्ष में सीटों के बंटवारे पर विचार–विमर्श है लेकिन पार्टियों में जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की एकुजटता बने, आर–पार की लड़ाई का जुनून बने, ऐसा कुछ होता हुआ नहीं है। वजह यह भी है कि नरेंद्र मोदी इसका मौका ही नहीं बनने दे रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक के बाद एक, हर दिन के कलेंडर में घटनाओं की भरमार और उन पर मीडिया में नैरेटिव का सिलसिला ऐसा भारी है कि विपक्षी नेता करे तो क्या करें? कैसे तो नेता–संगठन सक्रिय हो, भीड़ जुटे और कवरेज मिले। इसलिए उत्तर भारत की इन 207 सीटों पर दमदारी से चुनाव लडने की हवा बनाना भी आसान नहीं है!

## कांग्रेस समझौता मूड में, लचीली!

अगले लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस अपने हितों से समझौता करने को तैयार है। सीट बंटवारे को लेकर चल रही बातचीत में कांग्रेस ने बहुत लचीला रुख दिखाया है। कांग्रेस ने सभी सहयोगी पार्टियों को मैसेज दिया है कि वह सीटों की संख्या पर नहीं अड़ेगी। असल में कांग्रेस के लिए चुनाव प्रबंधन और रणनीति बनाने का काम देख रहे सुनील कनुगोलू की टीम कांग्रेस के लिए सर्वेक्षण कर रही है और ऐसी सीटों की पहचान कर रही है, जहां वह ज्यादा आसानी से लड़ और जीत सकती है। ध्यान रहे कांग्रेस चार सौ से ज्यादा सीटों पर लड़ती रही है और पिछली बार भी 421 सीटों पर लड़ी थी। उससे पहले 2014 के चुनाव में तो 464 सीटों पर लड़ी थी लेकिन सिर्फ 44 सीट जीत पाई थी। दूसरे चुनाव में वह 421 सीटों पर लड़ी, जिसमें से 52 पर जीती और 209 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही।

इस आंकड़े को ध्यान में रख कर सुनील कनुगोलू की टीम ने ऐसी सीटों पर फोकस करने की सलाह दी है, जिन पर कांग्रेस जीत सकती है। कांग्रेस के उम्मीदवार जिन सीटों पर तीसरे या चौथे स्थान पर रहे थे उनको छोड़ दिया है। तभी पिछले दिनों कांग्रेस नेताओं की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने 255 सीटों पर फोकस करने की बात कही। हालांकि इसका यह मतलब नहीं है कि कांग्रेस सिर्फ 255 सीटों पर लड़ेगी। वह इसके अलावा एक सौ और सीटों पर लड़ सकती है। लेकिन उसका जोर इन 255 सीटों पर होगा। बताया जा रहा है कि कांग्रेस ने 375 सीटों की मांग की है। इसमें से 291 सीटें तो ऐसी हैं, जो कांग्रेस और भाजपा के सीधे मुकाबले वाली हैं और 85 सीटें उन राज्यों में हैं, जहां प्रादेशिक क्षत्रप मजबूत हैं और कांग्रेस उनकी सहयोगी पार्टी है।

हालांकि कांग्रेस ने भले 375 सीटों पर लडने की बात कही है लेकिन खडगे की बात से स्पष्ट है कि पार्टी 255 से 290 के बीच सीटें अपने लिए अनुकूल मान रही है और उन्हीं पर लडने की तैयारी कर रही है। तभी ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस का तालमेल ऐसी पार्टियों से भी हो जाएगा, जिनके साथ सीटों की एडजस्टमेंट में मुश्किल आ रही है। कांग्रेस पुरानी सहयोगी पार्टियों के साथ साथ नई सहयोगियों को जोडने के लिए भी अपनी कुछ सीटें छोडने को तैयार है।कांग्रेस हर हाल में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र में तालमेल करना चाहती है। इन चारों राज्यों की प्रादेशिक पार्टियों के साथ कांग्रेस का पुराना तालमेल रहा है और कांग्रेस पहले भी उनके साथ चुनाव लड़ चुकी है। इसलिए भले कांग्रेस ज्यादा सीटों की मांग कर रही है लेकिन वह प्रादेशिक पार्टियों के हिसाब से सीटों की एडजस्टमेंट के लिए तैयार है। नई पार्टियों में शिव सेना उद्धव ठाकरे गुट है, जिसके साथ कांग्रेस को पहली बार चुनाव लडना है और आम आदमी पार्टी के साथ भी तालमेल होता है तो कांग्रेस पहली बार चुनाव लड़ेगी। अगले लोकसभा चुनाव को करो या मरो वाला चुनाव मान रही कांग्रेस दोनों के साथ तालमेल को तैयार है।

## आप और कांग्रेस का हो जाएगा तालमेल

कांग्रेस पार्टी के नेताओं का एक वर्ग ऐसा है, जो मान रहे हैं कि पार्टी को किसी हाल में आम आदमी पार्टी के साथ तालमेल नहीं करना चाहिए। उनका तर्क है कि कांग्रेस ने 2013 के दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी को समर्थन देकर उसकी सरकार बनवाई थी इसका नतीजा यह हुआ है कि 2015 के चुनाव में कांग्रेस का पूरा वोट आप को ट्रांसफर हो गया और कांग्रेस साफ हो गई। पिछले दो लोकसभा और दो विधानसभा चुनावों में दिल्ली में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। इस आधार पर कुछ नेताओं का मानना है कि कांग्रेस का विकल्प बनने की कोशिश कर रही आप से तालमेल आत्मघाती हो सकता है। लेकिन दूसरी ओर ज्यादातर नेता तालमेल के पक्ष में हैं। वे पंजाब, गोवा और गुजरात की मिसाल दे रहे हैं, जहां कांग्रेस ने आप को समर्थन नहीं दिया था फिर भी वह काफी सफल रही। पंजाब में तो उसने 117 में से 92 सीटें जीत कर रिकॉर्ड बनाया है। गोवा में भी वह दो सीट जीत गई और गुजरात में उसे भले पांच ही सीटें मिलीं लेकिन उसने कांग्रेस के 13 फीसदी वोट काट लिए। इस आधार पर तालमेल का समर्थन करने वाले नेताओं का कहना है कि कांग्रेस को सबसे पहले यह चिंता करनी चाहिए कि वह कैसे मजबूत होगी। अगर तालमेल करने से लोकसभा में कांग्रेस की सीटें बढ़ती हैं तो उस पर ध्यान देना चाहिए।सो, माना जा रहा है कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच तालमेल हो जाएगा। दोनों के बीच दो दौर की बातचीत हुई है और दिल्ली व पंजाब दोनों को लेकर सकारात्मक नतीजे की संभावना जताई जा रही है। दूसरे दौर की बातचीत में राघव चड्ढा भी शामिल हुए, जिसका मतलब है कि पंजाब को लेकर बात आगे बढ़ी है। कांग्रेस दोनों राज्यों में बराबर सीटों पर लडने को तैयार है। दोनों राज्यों की 20 सीटें हैं और दोनों पार्टियां 10–10 सीटें लड़ सकती हैं।

# रामजन्मभूमि आंदोलन भारत के इतिहास में एक निर्णायक और परिणामकारी घटना सिद्ध हुई



अयोध्या में श्रीराम की जन्मभूमि पर मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए किया गया रामजन्मभूमि आंदोलन 1947 के बाद के भारत के इतिहास में एक निर्णायक और परिणामकारी घटना सिद्ध हुई। हमारे समाज, राजनीति तथा राष्ट्रीय पहचान की भावना पर इसका गहरा प्रभाव रहा है।

मैं शब्दातीत प्रफुल्लित हूँ कि हम श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में एक भव्य श्रीराम मंदिर बनाने के मेरे सबसे प्रिय सपने को साकार होता देखने वाले हैं। 22 जनवरी, 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी अयोध्या के दिव्य मंदिर में श्रीराम के विग्रह की प्राण–प्रतिष्ठा करेंगे। मैं धन्य हूँ कि मैं अपने जीवनकाल में इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनूँगा। मेरा सदैव मानना रहा है कि एक सार्थक जीवन और समाज, दोनों की ही नींव आस्था पर टिकी होती है। आस्था व्यक्ति के जीवन में न केवल ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करती है, बल्कि उसे दिशा देने में भी सहायक होती है। मेरे लिए और करोड़ों भारतीयों के लिए, यही आस्था श्रीराम के प्रति हमारी अगाध श्रद्धा रही है। श्रीराम भारत की आत्मा के प्रतीक है। भारत और भारतीयता की सच्ची आत्मा अनुशासन, सच्चाई, सत्यनिष्ठा, नैतिकता, नैतिक मूल्य, विविधता को स्वीकार करना और उस पर गर्व करना, बड़ों के प्रति सम्मान, सुदृढ़ पारिवारिक संबंध और ऐसे सभी उत्कृष्ट मानवीय मूल्य हैय श्रीराम इन सभी निष्कलंक मानवीय गुणों के प्रतीक हैं। इसीलिए उन्हें श्मर्यादा पुरुषोत्तमश कहा जाता है। वे भारतीयों की उच्च मूल्यों का जीवन जीने की आकांक्षा के एक आदर्श हैं। श्रीराम एक आदर्श राजा भी थे श्धर्मश के जीवंत अवतार। इसलिए सुशासन के प्रतीक श्रामराज्यश की अवधारणा को भारत के लिए आदर्श के रूप में प्रचारित किया गया। यद्यपि श्रीराम हिंदुओं के लिए पूजनीय पवित्र धार्मिक विभूति हैं, साथ ही वे भारत की उस सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय पहचान के भी एक प्रमुख प्रतीक हैं, जो समान रूप से प्रत्येक नागरिक की धरोहर है। श्रीराम के जीवन की कहानी, श्रामायणश, भारत की सांस्कृतिक परंपराओं की निरंतरता का स्रोत और वाहक दोनों है और इसने शताब्दियों से पीढ़ी–दर–पीढ़ी, भारतीय मानस को बहुत प्रभावित किया है। इसलिए पिछले लगभग 500 वर्षों से, कोटि–कोटि भारतीयों की हार्दिक इच्छा रही है कि अयोध्या में श्री राम मंदिर का पुनर्निर्माण हो। अयोध्या में श्रीराम की जन्मभूमि पर मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए किया गया श्रामजन्मभूमि आंदोलनश 1947 के बाद के भारत के इतिहास में एक निर्णायक और परिणामकारी घटना सिद्ध हुई। हमारे समाज, राजनीति तथा राष्ट्रीय पहचान की भावना पर इसका गहरा प्रभाव रहा है। मैंने सदैव कहा है कि मेरी राजनीतिक यात्रा में अयोध्या आंदोलन सबसे निर्णायक परिवर्तनकारी घटना थी, जिसने मुझे भारत को पुनः जानने और इस प्रक्रिया में अपने आप को भी फिर से समझने का अवसर दिया। मैं विनम्रता से कहता हूँ कि नियति ने मुझे 1990 में सोमनाथ से अयोध्या तक श्रीराम रथयात्रा के रूप में एक महत्त्वपूर्ण कर्तव्य निभाने का अवसर दिया। मेरा मानना है कि कोई भी घटना अंततः वास्तविकता में घटित होने से पहले व्यक्ति के मन–मस्तिष्क में आकार लेती है। उस समय मुझे लग रहा था कि नियति ने यह निश्चित कर लिया है कि एक दिन अयोध्या में श्रीराम का एक भव्य मंदिर अवश्य बनेगारू बस अब केवल समय की बात है। रामजन्मभूमि पर श्रीराम का एक भव्य मंदिर बनना भारतीय जनता पार्टी की प्रबल इच्छा और दृढ़ संकल्प रहा है। 1980 के दशक के मध्य में जब अयोध्या मुद्दा राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में आ गया, तो मुझे वह समय याद आया कि कैसे महात्मा गांधी, सरदार पटेल, राजेंद्र प्रसाद और के.एम. मुंशी जैसे राजनीतिक दिग्गजों के प्रभावी नेतृत्व द्वारा, सभी बाधाओं के बाद भी, स्वतंत्र भारत में एक और ऐतिहासिक मंदिर (गुजरात में सौराष्ट्र के तट पर प्रभासपाटन में सोमनाथ मंदिर) के पुनर्निर्माण का पथ प्रशस्त किया था। मध्य काल में सोमनाथ अनेक विदेशी आक्रांताओं के निशाने पर रहा और उनके आक्रमणों का साक्षी भी रहा, तथा सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण अपने खोए सांस्कृतिक गौरव को वापस पाने और धर्मांध विदेशी आक्रांताओं के इतिहास को मिटाने के भारत के दृढ़ संकल्प का एक गौरवपूर्ण प्रमाण है। दुखद है कि सोमनाथ के समान ही, अयोध्या में श्रीराम के जन्मस्थान पर बना मंदिर भी मुगल साम्राज्य की स्थापना करने वाले आक्रमणकारी बाबर के हमले का निशाना बन गया था। 1528 में बाबर ने अपने कमांडर मीर बाकी को अयोध्या में एक मस्जिद बनाने का आदेश दिया, ताकि उस स्थान को श्फरिश्तों के अवतरण का स्थान बनाया जा सके, इसलिए इसका नाम बाबरी मस्जिद पड़ा। यह सभी मानते हैं और बाद में पुरातात्त्विक साक्ष्यों से इसकी पुष्टि भी हो गई कि अयोध्या में पहले से ही एक मंदिर था, जिसे मस्जिद की स्थापना के लिए ध्वस्त कर दिया गया था। इस कारण, कई अर्थों में अयोध्या आंदोलन ने सोमनाथ की भावना को ही आगे बढ़ाया। 1990 में जब भाजपा ने निर्णय लिया कि पार्टी अध्यक्ष के रूप में मुझे अयोध्या आंदोलन के लिए जनसमर्थन जुटाने के उद्देश्य से श्रीराम रथयात्रा का नेतृत्व करना चाहिए, तो मैंने स्वाभाविक ही इस ऐतिहासिक यात्रा के आरंभिक स्थल के रूप में सोमनाथ को चुना। 12 सितंबर, 1990 को मैंने 11 अशोक रोड, नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई और 10,000 किलोमीटर लंबी रथयात्रा करने के अपने निर्णय की घोषणा की। यात्रा 25 सितंबर को सोमनाथ से आरंभ होकर 30 अक्तूबर को अयोध्या पहुँचने वाली थी, जहाँ आंदोलन से जुड़े संतों की योजना के अनुसार कारसेवा की जानी थी। 25 सितंबर मेरे लिए विशेष था, क्योंकि इस दिन पं. दीनदयाल उपाध्यायजी की जयंती है। 25 सितंबर, 1990 की सुबह मैंने सोमनाथ मंदिर में ज्योतिर्लिंग की पूजा–अर्चना की। मेरे साथ वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी (जो उस समय भाजपा के एक होनहार नेता थे), श्री प्रमोद महाजन (जो पार्टी के महासचिव थे), गुजरात में पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और मेरे परिवार के सदस्य थे। पार्टी के दो उपाध्यक्ष राजमाता विजयाराजे सिंधिया और श्री सिकंदर बख्त रथ को हरी झंडी दिखाने आए थे। रथ को रवाना करने से पहले हम सभी ने मंदिर के ठीक बाहर सरदार पटेल की भव्य प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मैंने मन–ही–मन उन सभी महापुरुषों को धन्यवाद दिया और उनसे प्रेरणा ली, जिन्होंने मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए कड़ा परिश्रम किया था। स्वागत और आशीर्वाद देने के लिए एकत्र हुई भारी भीड़ के बीच हम श्रीराम रथ पर चढ़े, जिसे गेंदे के फूलों से सजाया गया था। फिर गुंजायमान शंखनाद ओर श्जय श्रीरामश व श्सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएँगेश के गगनभेदी नारों के साथ रथ आगे बढ़ा। बाद के दिनों में ये नारे मेरी यात्रा की पहचान बन गए और भारत की स्वर कोकिला, स्वर सम्राज्ञी स्वर्गीय श्रीमती लता मंगेशकर द्वारा गाया

# बदलता भारत, झुकता विश्व

बलबीर पुंज,



भारत 1947 में राजनीतिक, 1991 में आर्थिक, तो 2014 में सांस्कृतिक रूप से स्वतंत्र हुआ है। भले ही अंग्रेज 1947 में देश छोड़कर चले गए थे, परंतु कालांतर में गुलाम और बाह्य मानसिकता से प्रेरित वर्ग (राजनीतिज्ञ–नौकरशाह) के हाथों देश का नेतृत्व चला गया, जिसमें अपनी मूल सनातन संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली के प्रति घृणा का भाव था। उसी औपनिवेशिक दृष्टिकोण की एक–एक कड़ी को ध्वस्त करके वर्तमान मोदी सरकार सुदृढ़ आर्थिक प्रगति के साथ भारत को उसकी मौलिक सांस्कृतिक जड़ों से जोडने का प्रयास कर रहा है।

हालिया मालदीव प्रकरण का निहितार्थ क्या है? यह ठीक है कि मालदीव पांच लाख की आबादी वाला सूक्ष्म इस्लामी देश है, जिसकी आर्थिकी मुख्यतरू पर्यटन पर निर्भर है। वह भारत रूपी बड़ी आर्थिक शक्ति के समक्ष किसी भी मामले में नहीं टिकता। परंतु जिस प्रकार मालदीव सरकार के मंत्रियों द्वारा प्रकट भारत–मोदी विरोधी वक्तव्यों के खिलाफ देश का बड़ा वर्ग एकजुट होकर खड़ा हुआकृ वह वैश्विक विमर्श में भारत की बढ़ती शक्ति, राष्ट्र के रूप में भारत की एकता, अखंडता और उसकी सुरक्षा व सम्मान के प्रति सजगता को रेखांकित करता है। आखिर इस आमूलचूल परिवर्तन का कारण क्या है? कहा जा सकता है कि भारत 1947 में राजनीतिक, 1991 में आर्थिक, तो 2014 में सांस्कृतिक रूप से स्वतंत्र हुआ है। भले ही अंग्रेज 1947 में देश छोड़कर चले गए थे, परंतु कालांतर में गुलाम और बाह्य मानसिकता से प्रेरित वर्ग (राजनीतिज्ञ–नौकरशाह) के हाथों देश का नेतृत्व चला गया, जिसमें अपनी मूल सनातन संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली के प्रति घृणा का भाव था। उसी औपनिवेशिक दृष्टिकोण की एक–एक कड़ी को ध्वस्त करके वर्तमान मोदी सरकार सुदृढ़ आर्थिक प्रगति के साथ भारत को उसकी मौलिक सांस्कृतिक जड़ों से जोडने का प्रयास कर रहा है। मालदीव के भारत–विरोधी चिंतन के खिलाफ देश के बहुत बड़े वर्ग का प्रतिकारकृ इसी उपक्रम का परिणाम है।

सुधी पाठकों को विदित होगा कि मालदीव के वर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन की गोद में बैठकर भारत–विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। परंतु यह इस प्रकार और इतनी तीव्रता के साथ धराशायी हो जाएगा, इसका अनुमान स्वयं राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी सरकार को भी नहीं रहा होगा। आखिर यह पूरा प्रकरण क्या है? चार जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लक्षद्वीप दौरे के अनुभव को तस्वीरों–वीडियों के माध्यम से श्एक्सन्न पर साझा किया था। इसमें जब प्रधानमंत्री मोदी ने मालदीव का नाम लिए बिना लक्षद्वीप को पर्यटन का अच्छा विकल्प बताया, तब पहले भारत–विरोधी नीतियों में लिप्त मालदीव की मुइज्जू सरकार के तीन मंत्रियोंकृ मरियम शिऊना, मालशा शरीफ और हसन जहान ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ भारत के लिए विषवमन प्रारंभ कर दिया। देखते ही देखते इसके विरुद्ध सोशल मीडिया पर असंख्य भारतीयों का गुस्सा भड़का, देश के कई लोकप्रिय हस्तियों ने मालदीव को आईना दिखाना, सैंकड़ों भारतीयों और पर्यटन कंपनियों द्वारा मालदीव प्रवास का पूर्वनिर्धारित पंजीकरण व हवाई टिकटें रद्द करना शुरू किया, वैसे ही मालदीव का भारत–विरोधी सत्ता–अधिष्ठान घुटनों पर आ गया और अपने उन्हीं मंत्रियों को निलंबित कर दिया। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि मालदीव आने वाले पर्यटकों में एक तिहाई हिस्सेदारी भारतीयों की है। अब चूंकि मालदीव के भारत–विरोधी उपक्रम के खिलाफ असंख्य भारतीयों ने मालदीव के बहिष्कार का निर्णय किया है, इसलिए अपनी आर्थिकी को बचाने के लिए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने चीनी समकक्ष के आगे अधिक से अधिक चीनी पर्यटकों को मालदीव भेजने की भीख मांगी है।

यह कोई पहला मामला नहीं है। चाहे संकटग्रस्त क्षेत्रों में सैन्य अभियान चलाकर अपने लोगों की सुरक्षित देश–वापसी हो, रूस–यूक्रेन युद्ध रुकवाने हेतु विश्व के बड़े देशों का प्रधानमंत्री मोदी से मध्यस्था का आह्वान हो या फिर जी20 सम्मेलन में देश की कूटनीतिक सफलताकृ यह सब दुनिया में भारत की भू–राजनीति में मौलिक परिवर्तन को प्रामाणित करता है। भ्रष्टाचार–मुक्त जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वन और आर्थिक–सामाजिक सरोकारों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में मोदी सरकार ने अभूतपूर्व प्रगति की है। 2014 से पहले दिल्ली, राजस्थान, मुंबई, पुणे, वडोदरा आदि नगरों में जिहादियों द्वारा बम धमाके आम थे। परंतु कश्मीर–पंजाब रूपी अपवादों को छोड़कर बीते 10 वर्षों एक भी घातक आतंकवादी हमला नहीं हुआ है। आज देश में सुरक्षा की स्थिति यह है कि यदि सीमापार से किसी ने दुस्साहस का प्रयास किया, तो उसे उचित जवाब मिलता है। 2016–2019 में भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक और गलवान–तवांग प्रकरण में चीन की हेकड़ी को तोडनाकृ इसका प्रमाण है।

देश के पूर्व राजनयिक और पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रहे अजय बिसारिया ने अपनी पुस्तक श्एंगर मैनेजमेंटरू द ट्रबल डिप्लोमेटिक रिलेशनशिप बिटवीन इंडिया एंड पाकिस्तानन्य में खुलासा किया है कि फरवरी 2019 में बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान में फंसे भारतीय लड़ाकू पायलट विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान की सुरक्षित वतन–वापसी के लिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर नौ घातक मिसाइलें तान दी थी। यह घटना 27 फरवरी 2019 की थी, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने कत्ल की रातन्न कहकर संबोधित किया था। इससे पहले भारतीय नेतृत्व की क्या स्थिति थी, वह पाकिस्तान से आए आतंकवादियों द्वारा वर्ष 2008 के भीषण 26द्11 मुंबई हमले से स्पष्ट हो जाता है, जिसमें प्रतिकार को तैयार भारतीय सेना का मनोबल तत्कालीन मनमोहन सरकार ने तोड़ दिया था।

मई 2014 से पहले कुछ अपवादों (पोखरण–2 परिक्षण सहित) को छोड़कर भारतीय नेतृत्व के दृष्टिकोण में आत्मसम्मान का अभाव था। तब हमारा रवैया कैसा था, यह स्वतंत्रता के बाद देश पर लगभग 50 वर्षों तक प्रत्यक्ष–परोक्ष रूप से शासन करने वाली कांग्रेस के वर्तमान शीर्ष नेता राहुल गांधी के विचारों से स्पष्ट है। 2 अप्रैल 2021 को पूर्व अमेरिकी राजनयिक निकोलस बर्न्स से ऑनलाइन चर्चा करते हुए राहुल इस बात से असंतुष्ट हो गए थे कि भारत के आंतरिक मामलों पर अमेरिका अब कुछ नहीं बोलता। ऐसा ही विचार 1972 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी (सेवानिवृत्त), पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) और चीन आदि देशों में भारतीय राजदूत रहे शिवशंकर मेनन ने भी एक विदेशी पत्रिका को लिखे कॉलम में प्रस्तुत किया था। तब राहुल और मेनन के विचारों का मर्म यह था कि अमेरिका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्सही रास्तेय पर लाने और अमेरिकी नीति के अनुसार काम करवाने का प्रयास नहीं कर रही है। अनुमान लगाना कठिन नहीं कि इसी गुलाम मानसिकता से ग्रस्त होकर प्रारंभिक और कालांतर में भारतीय नेतृत्व तथा भारतीय नौकरशाहों ने कितनी बार राष्ट्रहित के साथ समझौता किया होगा। इस पृष्ठभूमि में वर्तमान भारतीय नेतृत्व दुनिया को वास्तविक भारत से परिचय कराते हुए अपने हितों को ध्यान में रखकर विदेश–नीति को आकार दे रहा है। भारतीयों द्वारा मालदीव को उसका स्थान दिखानाकृ इसका परिणाम है।

## इतिहास, संस्कृति और धर्म का पर्व

हर साल 14 जनवरी को धनु से मकर राशि व दक्षिणायन से उत्तरायण में सूर्य के प्रवेश के साथ यह पर्व संपूर्ण भारत सहित विदेशों में भी अलग–अलग नामों से मनाया जाता है।

पंजाब व जम्मू–कश्मीर में श्लोहड़ीश के नाम से प्रचलित यह पर्व भगवान बाल कृष्ण के द्वारा श्लोहिताश नामक राक्षसी के वध की खुशी में मनाया जाता है। इस दिन पंजाबी भाई जगह–जगह अलाव जलाकर उसके चहुंओर भांगड़ा नृत्य कर अपनी खुशी जाहिर करते हैं व पांच वस्तुएं तिल, गुड़, मक्का, मूंगफली व गजक से बने प्रसाद की अग्नि में आहुति प्रदान करते हैं।

भारत देश में अलग–अलग त्योहारों को अलग–अलग तरीकों से मनाया जाता है। यहां लगभग हर दिन ही कोई न कोई त्योहार मनाया जाता है। लोग बड़े ही उत्साह और धूमधाम से इन पर्वों को मनाते हैं। जैसे– साल की शुरुआत हो चुकी है और आज देश मकर संक्रांति का त्योहार मना रहा है। इस पर्व को मनाने की अपनी मान्यताएं हैं और लोगों की आस्था भी।

कोई भी पर्व सिर्फ एक त्योहार के रूप में नहीं होता बल्कि, ये ही है जो लोगों को आपस में जोड़े रखता है और आपसी भाईचारे को भी बढ़ाता है। ऐसा ही कुछ मकर संक्रांति के त्योहार में भी नजर आता है। अगर यूं कहा जाए कि ये पर्व अनेकता में एकता का संदेश देना वाला पर्व है, तो शायद इसमें कोई दो राय न हो।

हर साल 14 जनवरी को धनु से मकर राशि व दक्षिणायन से उत्तरायण में सूर्य के प्रवेश के साथ यह पर्व संपूर्ण भारत सहित विदेशों में भी अलग–अलग नामों से मनाया जाता है।

पंजाब व जम्मू–कश्मीर में श्लोहड़ीश के नाम से प्रचलित यह पर्व भगवान बाल कृष्ण के द्वारा श्लोहिताश नामक राक्षसी के वध की खुशी में मनाया जाता है। इस दिन पंजाबी भाई जगह–जगह अलाव जलाकर उसके चहुंओर भांगड़ा नृत्य कर अपनी खुशी जाहिर करते हैं व पांच वस्तुएं तिल, गुड़, मक्का, मूंगफली व गजक से बने प्रसाद की अग्नि में आहुति प्रदान करते हैं।

वहीं देश के दक्षिणी इलाकों में इस पर्व को श्पोंगलश के रूप में मनाने की परंपरा है। फसल कटाई की खुशी में तमिल हिंदुओं के बीच हर्षोल्लास के साथ चार दिवस तक मनाये जाने वाले श्पोंगलश का अर्थ विप्लव या उफान है। इस दिन तमिल परिवारों में चावल और दूध के मिश्रण से जो खीर बनाई जाती है, उसे श्पोंगलश कहा जाता है।

इसी तरह गुजरात में मकर संक्रांति का ये पर्व श्उतरानश के नाम से मनाया जाता है, तो महाराष्ट्र में इस दिन लोग एक–दूसरे के घर जाकर तिल और गुड़ से बने लड्डू खिलाकर मराठी में श्तीळ गुळ घ्या आणि गोड गोड बोलाश कहते हैं। जिसका हिन्दी में अर्थ होता है तिल और गुड़ के लड्डू खाइए और मीठा–मीठा बोलिए। वहीं असम प्रदेश में इस पर्व को श्माघ बिहूश के नाम से जाना जाता है। इसी तरह प्रयागराज में माघ मेले व गंगा सागर मेले के रूप में मनाए जाने वाले इस पर्व पर श्खिचड़ीश नामक स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर खाने की परंपरा है। जनश्रुति है कि शीत के दिनों में खिचड़ी खाने से शरीर को नई ऊर्जा मिलती है। मकर संक्रांति को मनाने के पीछे अनेक धार्मिक कारण भी हैं। इसी दिन गंगा भागीरथ के पीछे चलकर कपिल मनु के आश्रम से होते हुए सागर में जा मिली थीं। इस दिन भीष्म पितामह ने सूर्य के उत्तरायण की दिशा में गमन के साथ ही स्वेच्छा से अपना देह त्यागा था। यह दिन श्रद्धा, भक्ति, जप, तप, अर्पण व दान–पुण्य का दिन माना जाता है। हिंदू धर्मावलंबियों के लिए मकर संक्रांति का महत्व वैसा ही जैसा कि वृक्षों में पीपल, हाथियों में ऐरावत और पहाड़ों में हिमालय का है। भले मकर संक्रांति का पर्व देश के विभिन्न प्रदेशों में अलग–अलग नामों से मनाया जाता हों पर इसके पीछे समस्त लोगों की भावना एक ही है। तिल और गुड़ के व्यंजन हमें एक होने का संदेश देते हैं। वहीं नीले आकाश में शीतल वायु के संग उड़ती पतंग मानवीय यथार्थ से रू–ब–रू करवाती है। इंसान को शिखर पर पहुंच कर भी अभिमान नहीं करना चाहिए, यह पतंग भलीभांति समझाती है। जिस प्रकार पतंग भले कितनी ही क्यों न ऊंचे आकाश में उड़े पर उसे खींचने वाली डोर इंसान के हाथ में ही रहती है। वैसे ही इंसान भी भले कितना ही अकूत धन–दौलत के अभिमान की हवा के बूते विलासिता व ऐश्वर्य के आसमान में उड़े, लेकिन उसके सांसों की डोर भी परमपिता परमेश्वर अविनाशी के हाथों में ही रहती है। पतंग हो या इंसान, दोनों का माटी में विलीन होना तय है, इसलिए इंसान को भूलकर भी अपने जड़ों और संस्कारों से दूर होकर कोई भी अमानवीय कृत्य नहीं करना चाहिए।

# सुरक्षा घेरा तोड़ने वाले फैन के साथ विराट कोहली ने किया कुछ ऐसा, लोगों ने दिया रिएक्शन



विराट कोहली एक समय बाउंड्री लाइन पर फील्डिंग कर रहे थे और तब उनसे मिलने के लिए एक फैन स्टेडियम का सिक्योरिटी घेरा तोड़कर पहुंच गया। विराट के इस फैन ने उनके पैर छुए और गले भी लगा लिया। भारत और अफगानिस्तान के बीच दूसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में टीम इंडिया ने 6 विकेट से बेहतरीन जीत दर्ज की। अफगानिस्तान की पारी के दौरान विराट कोहली एक समय बाउंड्री लाइन पर फील्डिंग कर रहे थे और तब उनसे मिलने के लिए एक फैन स्टेडियम का सिक्योरिटी घेरा तोड़कर पहुंच गया। विराट के इस फैन ने उनके पैर छुए और गले भी लगा लिया। इतनी देर में सिक्योरिटी से एक शख्स ने खींचकर उसे उठाया और मैदान से बाहर ले गया। वहीं इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में आप देखेंगे कि, फैन ने सुरक्षा घेरा तोड़ा और फिर विराट के पास पहुंचा। जैसे ही फैन विराट के पास पहुंचा तो उसने भारतीय बल्लेबाज के पैर छुए। विराट भी फैन से बेहद शालीनता से पेश आए। वहीं मैच की बात करें तो कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर अफगानिस्तान को एक बार फिर पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। अफगानिस्तान ने 20 ओवर में 172 रन बनाए। भारत की ओर से अक्षर पटेल ने चार ओवर में महज 173 रन बना डाले। कप्तान रोहित शर्मा एक बार फिर बिना खाता खोले ही आउट हो गए। लंबे समय बाद टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने उतरे विराट कोहली ने 16 गेंदों पर 29 रनों की पारी खेली और इस दौरान उन्होंने कुल पांच चौके लगाए। विराट जितनी देर भी मैदान पर थे, काफी ज्यादा पॉजिटिव खेलते नजर आए। विराट कोहली आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2022 के बाद से टी20 इंटरनेशनल फॉर्मेट से बाहर थे। विराट के अलावा रोहित शर्मा ने भी इस सीरीज के साथ ही टी20 इंटरनेशनल में वापसी की है।

# टेस्ट सीरीज पहले इंग्लैंड टीम कर रही अबू धाबी में प्रैक्टिस, जानें क्यों?



भारत में पांच मैचों की सीरीज के लिए अबू धाबी पहुंची है। इंग्लैंड टीम अबू धाबी की विश्व स्तरीय सुविधाओं में 9 दिनों तक अभ्यास करेगी। 25 जनवरी को पहले टेस्ट से ठीक तीन दिन पहले बेन स्टोक्स की टीम हैदराबाद पहुंचेगी। इंग्लैंड टीम भारत में पांच मैचों की सीरीज के लिए अबू धाबी पहुंची है। जहां टीम इंडिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लिश टीम प्रैक्टिस कर रही है। ये बेहद शानदार है लेकिन सवाल ये उठता है कि बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड टीम अबू धाबी में क्यों प्रैक्टिस कर रहे है? इंग्लैंड टीम अबू धाबी की विश्व स्तरीय सुविधाओं में 9 दिनों तक अभ्यास करेगी। 25 जनवरी को पहले टेस्ट से ठीक तीन दिन पहले बेन स्टोक्स की टीम हैदराबाद पहुंचेगी। ब्रेंडन मैकुलम के टेस्ट टीम के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड टीम अभी तक कोई भी टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। फिर चाहे वो घर में हो या बाहर, चार में जीत और तीन ड्रॉ खेले हैं। इसी समय सीमा में उनका समग्र टेस्ट जीत–हार का रिकॉर्ड 14 जीत और 6 हार का है। वास्तव में अबू धाबी क्रिकेट और स्पोर्ट्स हब को कई अंतर्राष्ट्रीय और विशिष्ट टीमों के लिए पसंदीदा स्थल बन गया है। ऐसा क्यों हुआ कि इंग्लैंड को भारत की बजाय अबू धाबी में अभ्यास करना पड़ रहा। दरअसल, म्ब्ठ ने अबू ध ाबी क्रिकेट के साथ एक एमओयू साइन किया है, जिसके चलते इंग्लैंड वहां प्रैक्टिस कर रही है। ये खेल कॉम्प्लेक्स 25,000 वर्ग मीटर में फैला है, जिसमें 1. 8 अरब रुपये का जायद स्टेडियम भी शामिल है। जिसमें क्रिकेट के लिए बेहतर सुविधा मौजूद हैं। चार मैदानों में 65 पिचें और 22 विपरीत आउटडोर टर्फ नेट हैं, जहां इंग्लैंड सैद्धांतिक रूप से, अगले दो महीनों में भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए हर तरीके की पिच पर तैयारी कर सकता है। इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर और अब कोच ग्रीम स्वान ने कहा कि सुविधाएं बेहद अच्छी हैं। दुनिया ने उस हिस्से में, अनुरोध पर वे आपको वह दे सकते हैं जो आप चाहते हैं। हालांकि, पिछली बार जब इंग्लैंड ने भारत का दौरा किया था तब वे 3–1 से हारे थे। उन्होंने पहला टेस्ट जीता लेकिन फिर अगले तीन टेस्ट में बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा था। दरअसल, 2012–13 में अपनी प्रसिद्ध 2–1 की जीत के बाद से इंग्लैंड ने भारत में नौ में से केवल एक टेस्ट जीता है, सात हारे हैं और एक ड्रॉ खेला है।

# स्पिन के खिलाफ कई तरह के शाट खेलना मेरे लिए ईश्वर का उपहार



दुबे ने जिओ सिनेमा से कहा,''मुझे खुशी है कि मेरे खेल में निरंतर सुधार हो रहा है। मैं जितने तरह के शॉट खेल लेता हूं वह मेरे लिए ईश्वर का उपहार है और मैंने भी इन पर काफी काम किया है। मैंने अपने खेल के कई क्षेत्र में सुधार किया है और मैं अच्छे रन भी बना रहा हूं।'' इंदौर। लंबे छक्के जड़ने में माहिर भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने सोमवार को कहा कि स्पिनरों के खिलाफ कई तरह के शॉट खेलना उनके लिए ईश्वर का उपहार है लेकिन तेज और उछाल लेती गेंदों का अच्छी तरह से सामना करने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी होगी। दुबे स्पिनरों के सामने खुलकर खेलते हैं और यही वजह है कि पहले दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अफगानिस्तान के अच्छे स्पिन आक्रमण की उनके सामने एक नहीं चली। दुबे ने जिओ सिनेमा से कहा,''मुझे खुशी है कि मेरे खेल में निरंतर सुधार हो रहा है। मैं जितने तरह के शॉट खेल लेता हूं वह मेरे लिए ईश्वर का उपहार है और मैंने भी इन पर काफी काम किया है। मैंने अपने खेल के कई क्षेत्र में सुधार किया है और मैं अच्छे रन भी बना रहा हूं।'' दुबे ने रविवार को दूसरे टी20 मैच में 32 गेंद पर नाबाद 63 रन बनाकर भारत की 6 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा,''अतीत में मैं भविष्य के बारे में काफी सोचता था लेकिन अब मुझे एहसास हुआ कि मुझे वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। मुझे इस पर ध्यान देना चाहिए कि मैं अपने कौशल में कैसे निखार लाऊं। यह मेरे लिए अधिक महत्वपूर्ण है।'' दुबे को अच्छी गति से की गई शॉर्ट पिच गेंद को खेलने में परेशानी होती है लेकिन उन्होंने कहा कि वह इस क्षेत्र पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा,''मैंने इस पर काफी काम किया है। जब मैं घरेलू क्रिकेट में खेलता था तो सभी तरह के गेंदबाजों पर दबदबा बनाए रखता था लेकिन आईपीएल और भारत की तरफ से खेलना आसान नहीं है क्योंकि गेंदबाज 140 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं।

# कौन हैं रनों का पहाड़ खड़ा करने वाले प्रखर चतुर्वेदी ?



प्रखर चतुर्वेदी ने कूच बिहार ट्रॉफी में एक ही मैच में रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। प्रखर ने मुंबई के खिलाफ फाइनल मुकाबले में बल्लेबाजी करते हुए 400 रन ठोके। टूर्नामेंट के फाइनल में ये आंकड़ा छूने वाले प्रखर एकलौते बल्लेबाज बन गए हैं। कर्नाटक के बल्लेबाज प्रखर चतुर्वेदी ने कूच बिहार ट्रॉफी में एक ही मैच में रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। प्रखर ने मुंबई के खिलाफ फाइनल मुकाबले में बल्लेबाजी करते हुए 400 रन ठोके। टूर्नामेंट के फाइनल में ये आंकड़ा छूने वाले प्रखर एकलौते बल्लेबाज बन गए हैं। दरअसल, कर्नाटक और मुंबई के बीच फाइनल मैच में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 380 रन बनाए। जिसके जवाब में कर्नाटक के इस खिलाड़ी को मुंबई के गेंदबाज आउट करने में असफल रहे। सलामी बल्लेबाज प्रखर चतुर्वेदी आखिर तक क्रीज पर टिके रहे और 46 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 404 रनों की नाबाद पारी खेली। प्रखर ने इस बीच 638 गेंदों का सामना भी किया। जिसके बाद प्रखर की इस बेहतरीन पारी के अपनी पहली पारी में ही 223 ओवरों में 890 रनों का स्कोर हासिल कर लिया। इस बीच हर्षिल धमानी ने भी 228 गेंदों में 169 रनों की शतकीय पारी खेली। कर्नाटक ने पारी घोषित कर दी। जिसके चलते पहली पारी लीड के साथ मैच ड्रॉ हो गया। इस शानदार पारी की बदौलत प्रखर ब्रायन लारा का टेस्ट क्रिकेट में 400 रन का आंकडा तोडने वाले एकमात्र खिलाडी हैं।

# सचिन तेंदुलकर भी हुए डीपफेक वीडियो का शिकार, लोगों से की ये अपील



सचिन तेंदुलकर इस समय काफी दुखी हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। जो वास्तव में एक डीपफेक वीडियो है। पहले सचिन की बेटी सारा तेंदुलकर भी इसका शिकार बनी थी। मास्टर ब्लास्टर डीप फेक का शिकार हो गे हैं जिसके बाद उन्होंने इससे सबको सतर्क रहने को कहा है। भारत में क्रिकेट का भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर इस समय काफी दुखी हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। जो वास्तव में एक डीपफेक वीडियो है। पहले सचिन की बेटी सारा तेंदुलकर भी इसका शिकार बनी थी। मास्टर ब्लास्टर डीप फेक का शिकार हो गे हैं जिसके बाद उन्होंने इससे सबको सतर्क रहने को कहा है। सचिन ने उस वीडियो को अपने आधि ाकारिक अकाउंट से शेयर करते हुए बताया कि वायरल हो रहा ये वीडियो फेक है। बता दें कि, पिछले कुछ महीनों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाए जा रहे सेलिब्रिटी के फेक वीडियो काफी ज्यादा सामने आए हैं। इससे बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंधाना भी इसकी लपेटे में आई थीं। इन दिनों सचिन तेंदुलकर का एखा वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह एक ऐप का प्रमोशन करते नजर आ रहे हैं। सचिन तेंदुलकर की आवाज को डब करके ।प् की मदद से वीडियो बनाया गया है। भारतीय दिग्गज ने अपने वीडियो के सामने आने के बाद इसे लोगों के साथ शेयर किया और सबको सतर्क रहने को कहा। उन्होंने लिखा, ष्ये वीडियो फेक है, किस तरह से लोग तकनीक का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। मैं हर किसी से आग्रह करता हूं कि इस वीडियो, ऐप और प्रचार को ज्यादा से ज्यादा संख्या में रिपोर्ट कीजिए। सारा तेंदुलकर भी हुई डीपफेक का शिकार गौरतलब है कि, भारतीय टीम के बल्लेबाज शुबमन गिल के साथ सारा की तस्वीर सामने आई थी। इसे भी बनाया गया था और फिर वायरल किया गया था। जो तस्वीर सामने आई थी उसमें सारा और शुबमन साथ दिखाई दे रहे थे जबकि वो तस्वीर फेक थी।

# बीसीसीआई ने भारतीय टीम सेलेक्टर पद के लिए मांगे आवेदन, जानें पूरी डिटेल



बीसीसीआई ने पुरुष टीम की चयन समिति में शामिल होने के लिए एक सेलेक्टर के लिए आवेदन मांगे हैं। हालांकि, बोर्ड की वेबसाइट पर जारी इस प्रेस रिलीज से ये साफ नहीं हो सका है कि वर्तमान पांच सदस्यीय चयन समिति से कौन चयनकर्ता बाहर जाएगा।भारतीय क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीसीआई ने पुरुष टीम की चयन समिति में शामिल होने के लिए एक सेलेक्टर के लिए आवेदन मांगे हैं। हालांकि, बोर्ड की वेबसाइट पर जारी इस प्रेस रिलीज से ये साफ नहीं हो सका है कि वर्तमान पांच सदस्यीय चयन समिति से कौन चयनकर्ता बाहर जाएगा। लेकिन खबरों में सलिल अंकोला का नाम सामने आ रहा है। दरअसल, ये पश्चिम क्षेत्र से दो चयनकर्ताओं को रखने से बचने की बोर्ड की इच्छा के अनुरू है। नोटिस में उल्लिखित पात्रता मानदंड की मांग है कि आवेदकों का क्रिकेट बैकग्राउंड होना चाहिए, उन्होंने कम से कम सात टेस्ट मैच, 30 फर्स्ट क्लास या 10 वनडे और 20 फर्स्ट क्लास मैच खेले हों। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवारों को कम से कम पांच साल पहले रिटायर होना चाहिए, इस शर्त के साथ कि पांच साल की संचयी अवदि के लिए

# वजन कम करने के लिए रोजाना पीते हैं नींबू पानी तो छोड़ दें ये आदत, फिर ये दिक्कत हो जाएगी शुरू



नींबू में भरपूर मात्रा विटामिन सी होता है इसलिए ज्यादातर लोग नींबू पानी पीते हैं. लेकिन कई रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया गया है कि ज्यादा नींबू पानी पीने से सीने में जलन हो सकती है. क्योंकि इसमें पेप्सिन नाम का एंजाइम होता है जो प्रोटीन को तोडने का काम करता है. यह पेप्सिन एंजाइम अल्सर के लिए ठीक नहीं होता है. नींबू पानी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है. गर्मी के मौसम में गर्मी से राहत पाने के लिए लोग नींबू पानी का खूब पीते हैं. इससे शरीर हाइड्रेटेड रहता है. इससे वजन भी कंट्रोल में रहता है और पाचन संबंधी समस्याओं को भी ठीक करने में मदद मिलती है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि नींबू पानी पीने से आपको नुकसान भी हो सकता है? अगर आप वजन घटाने के लिए अंधाधुंध नींबू पानी पी रहे हैं तो आपको इसके साइड इफेक्ट्स भी जान लेने चाहिए.

नींबू पानी पीने से शरीर पर होते हैं यह साइडइफेक्ट्स

नींबू पानी ज्यादा पीने से सीने में जलन हो सकती है क्योंकि यह प्रोटीन को तोडने वाले एंजाइम पेप्सिन को एक्टिव करता है. वहीं इसके अधिक सेवन से पेप्टिक अल्सर की स्थिति और भी खतरनाक हो सकती है. नींबू पानी पीने से भी डिहाइड्रेशन हो सकता है. जब आप नींबू पानी पीते हैं तो यह यूरिन के जरिए शरीर को डिटॉक्स करता है. इस प्रक्रिया में कई इलेक्ट्रोलाइट्स और सोडियम जैसे तत्व पेशाब के जरिए बाहर निकल जाते हैं और आपको डिहाइड्रेशन की समस्या का सामना करना पड़ सकता है. नींबू पानी के अधिक सेवन से भी पोटेशियम की कमी हो सकती है.

विटामिन सी की अत्यधिक मात्रा रक्त में आयरन के स्तर को बढ़ा सकती है और यह खतरनाक साबित हो सकता है. आपके आंतरिक अंग क्षतिग्रस्त हो सकते हैं.

नींबू में साइट्रिक एसिड होता है, इसके अलावा इसमें ऑक्सालेट भी पर्याप्त मात्रा में होता है. अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से यह शरीर में क्रिस्टल के रूप में जमा होने लगता है, जिससे किडनी में पथरी होने का खतरा बढ़ सकता है.ज्यादा नींबू पानी पीने से हड्डियां कमजोर हो सकती हैं. नींबू में एसिडिटी होती है, जिसके कारण हड्डियों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है.नींबू पानी के अधिक सेवन से एसिडिटी की समस्या हो सकती है. नींबू में उच्च मात्रा में एसिड होता है. इसके सेवन से शरीर में एसिड की मात्रा बढ़ सकती है. अगर आपको टॉन्सिल की समस्या है तो नींबू पानी का सेवन न करें क्योंकि ऐसा करना हानिकारक हो सकता है. रिसर्च के मुताबिक अगर नींबू पानी का सेवन अधिक मात्रा में किया जाए तो इससे गले में खराश हो सकती है.

# सिल्क साड़ियों में इन अभिनेत्रियों ने बिखेरा जलवा, आप भी ले सकती हैं फैशन टिप्स



साड़ियों में अगर सिल्क साड़ी की बात की जाए, तो यह कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होती है। बॉलीवुड की हसीनाओं ने इस साल बड़े इवेंट्स में भी सिल्क की साड़ी पहनकर जलवा दिखाया। ऐसे में आप भी इनके कलेक्शन से टिप्स लेकर सिल्क साड़ी ले सकती हैं। साड़ी एक ऐसा आउटफिट है, जिसको भारतीय महिलाएं पहनना काफी पसंद करती हैं। अगर किसी फंक्शन में जाने के लिए यह समझ नहीं आता है कि क्या पहनें, तो साड़ी एक बेहतरीन ऑप्शन है। फिर चाहे शादी–विवाह अटैंड करना हो या फिर ऑफिस की पार्टी हो, महिलाएं साड़ी पहनकर हर जगह जलवा बिखेर सकती हैं। वहीं अगर इस साल के फैशन ट्रेंड की बात करें, तो भले ही वक्त के साथ फैशन बदलता रहता है, लेकिन महिलाओं का साड़ी के प्रति प्यार कभी कम नहीं होता है। साड़ियों में अगर सिल्क साड़ी की बात की जाए, तो यह कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होती है। बॉलीवुड की हसीनाओं ने इस साल बड़े इवेंट्स में भी सिल्क की साड़ी पहनकर जलवा दिखाया। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सिल्क साड़ी के लेटेस्ट कलेक्शन के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप भी इन बॉलीवुड हसीनाओं के कलेक्शन से टिप्स ले सकती हैं। वैसे तो रेखा को एवरग्रीन एक्ट्रेस कहा जाता है। वह हर इवेंट में कांजीवरम या फिर सिल्क की साड़ी पहनकर पहुंचती है। बता दें कि साल 2024 की शुरूआत में ही रेखा हरे रंग की बेहद ही खूबसूरत सिल्क की साड़ी एक इवेंट में पहनकर पहुंची थीं। जिसमें वह काफी ज्यादा खूबसूरत लग रही थीं। शिल्पा शेट्टी अपने ग्लैमरस लुक और सेक्सी फिगर के चलते शिल्पा शेट्टी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। एक इवेंट में शिल्पा शेट्टी ने पीले रंग की साड़ी के साथ बैकलेस ब्लाउज कैरी किया था। इसके अलावा भी उन्होंने कई इवेंट्स में सिल्क की साड़ी पहनकर अपना जलवा बिखेरा।माधुरी दीक्षित बॉलीवुड की धक–धक गर्ल माधुरी दीक्षित अक्सर साड़ी पहनकर हर इवेंट्स में दिखाई देती हैं। एक इवेंट में वह स्काई डबल शेड की साड़ी में बला की खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपने लुक को गोल्ड ज्वेलरी के साथ कंप्लीट किया था। कंगना रनौत बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ऑरेंज रंग की सिल्क की साड़ी में बेहद खूबसूरत दिख रहीं हैं। इस लुक में एक्ट्रेस ने अपने बालों में स्लीक स्टाइल का जूड़ा बनाया था। इसके साथ उन्होंने गले में हैवी चोकर पहना है। कंगना रनौत ने बालों में गजरा लगा रखा है, जो उनके लुक में चार चांद लगाने का काम कर रहा है।

# शुभांगी अत्रे को याद आए भाभीजी घर पर हैं में इस्तेमाल होने वाले हिंदी मुहावरे

विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर भाभीजी घर पर हैं की अभिनेत्री शुभांगी अत्रे ने बताया कि उन्हें शो की शूटिंग के दौरान आकर्षक हिंदी मुहावरे कहने का मौका मिला। साथ ही अभिनेत्री ने कहा कि आज के बच्चों को हिंदी भाषा सीखनी चाहिए और उसका आनंद लेना चाहिए। शुभांगी ने कहा, शूटिंग के दौरान मुझे कई मशहूर हिंदी मुहावरे सुनने को मिले, जिनका इस्तेमाल हम अक्सर अपनी रोजमर्रा की जिंदगी और शो के सीन के बीच में करते हैं। मुझे प्रसिद्ध हिंदी मुहावरा धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का याद है, जिसे मुझे एक दृश्य में विभूति (आसिफ शेख) पर इस्तेमाल करना था। हिंदी मुहावरों का अर्थ समझाते हुए अभिनेत्री ने कहा, एक अर्थ यह है कि जो व्यक्ति कभी एक जगह नहीं टिकता, वह सफल नहीं होगा। दूसरा यह है कि जो व्यक्ति हमेशा चलता रहता है, जिसकी जड़ें एक जगह नहीं होती, वह जिम्मेदारियों से बचता है।कस्तूरी फेम अभिनेत्री ने आगे कहा, हम अपने शो में रोजाना ऐसी कई कहावतों का इस्तेमाल करते हैं, जैसे बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद, जिसका मतलब है किसी ऐसे व्यक्ति को उपयोगी या मूल्यवान चीज देकर अपना समय बर्बाद करना है, जो इसकी सराहना या समझ नहीं करता है। सेट पर हम अक्सर ऐसी मजेदार कहावतों और मुहावरों का प्रयोग मजेदार मजाक के रूप में नियमित रूप से करते हैं।शुभांगी ने हिंदी को वास्तव में सीखने के लिए एक अद्भुत भाषा बताते हुए कहा, आज के बच्चों को इसे सीखना चाहिए और इसका आनंद लेना चाहिए, जैसे उन्हें अंग्रेजी बोलने में आनंद आता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो वह फिलहाल भाभीजी घर पर हैं में अंगूरी भाभी के किरदार में नजर आ रही हैं। यह शो एंड टीवी पर प्रसारित होता है।



# आस्कर लाइब्रेरी की परमानेंट कोर कलेक्शन में शामिल मनोज बाजपेयी स्टारर जोराम का स्क्रीनप्ले

मनोज बाजपेयी स्टारर फिल्म जोरम के स्क्रीनप्ले को एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज की लाइब्रेरी ने इसके परमानेंट कोर कलेक्शन के लिए हासिल कर लिया है। एकेडमी अपने कोर कलेक्शन में स्क्रीनप्ले जोड़ता है जो रिसर्च के उद्देश्य से छात्रों, फिल्म निर्माताओं, लेखकों, अभिनेताओं और सिनेमा के क्षेत्र के अन्य लोगों के लिए सुलभ हैं। इन सालों में, इस कलेक्शन में साल 1910 से लेकर वर्तमान तक 11,000 से ज्यादा निर्मित फिल्मों की स्क्रिप्ट शामिल हो गई है। इस पर टिप्पणी करते हुए, लेखक–निर्देशक देवाशीष मखीजा ने कहा, जोराम को बनाने के लिए प्रतिभाशाली लोगों की आवश्यकता पड़ी। हम यह देखकर रोमांचित हैं कि फिल्म के स्क्रीनप्लेस एकेडमी लाइब्रेरी के परमानेंट कोर कलेक्शन का हिस्सा बन गई है। ऐसे प्रतिष्ठित संस्थान से यह सम्मान दुर्लभ, बहुमूल्य और विनम्र है। एकेडमी को हमारा हार्दिक धन्यवाद। जोरम देवाशीष मखीजा द्वारा लिखित और निर्देशित है, और अनुपमा बोस और मखीजाफिल्म के सहयोग से जी स्टूडियो द्वारा निर्मित है।



## रकुल प्रीत ने बालीवुड में एक दशक पूरा होने का मनाया जश्न, 10 साल की कड़ी मेहनत को किया याद



2014 में रोमांटिक फिल्म यारियां से हिंदी फिल्म में डेब्यू करने वाली रकुल प्रीत सिंह ने बुधवार को बॉलीवुड में अपने 10 साल के सफर को याद किया और कहा कि वह आज जहां हैं, वहां पहुंचने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत, दृढ़ता और निरंतरता की जरूरत है।

2009 में कन्नड़ फिल्म गिल्ली से एक्टिंग की शुरुआत करने के बाद, रकुल प्रीत ने हिमांश कोहली के साथ यारियां से बॉलीवुड में डेब्यू करने से पहले केरातम, युवान, पुथगम जैसी फिल्मों में काम किया। दिव्या खोसला कुमार निर्देशित फिल्म में उन्होंने सलोनी का किरदार निभाया था। अब, फिल्म की नाटकीय रिलीज के 10 साल पूरे होने पर, रकुल ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म यारियां के कुछ क्लिप्स शेयर की, जहां उनके 23.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं। तस्वीरों के साथ, उन्होंने एक नोट भी लिखा, 10 साल पहले, जब मैंने पहली बार बॉलीवुड में कदम रखा था, तब मेरी आंखों में बड़े–बड़े सपने थे। आज मैं जहां हूं, वहां पहुंचने में मुझे एक दशक की कड़ी मेहनत, लगन और निरंतरता की जरूरत पड़ी। रनवे 34 की एक्ट्रेस ने साझा किया, हालांकि हासिल करने के लिए बहुत कुछ है, मैंने जो काम किया है, उसके लिए मेरे दिल में बहुत आभार है क्योंकि यह अभी भी मेरे यंग वर्जन के लिए एक सपने जैसा लगता है।

रकुल प्रीत ने अपने फैंस का आभार व्यक्त किया और कहा, मैं आप सभी को अपना प्यार देना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे मेरे सपनों को हासिल करने और उन्हें वास्तविकता में बदलने में मदद की।

उनकी अन्य हिंदी प्रोजेक्ट्स में अय्यारी, दे दे प्यार दे, मरजावां, डॉक्टर जी, थैंक गॉड, छत्रीवाली सहित कुछ अन्य शामिल हैं।

उनकी अगली फिल्म अयलान, मेरी पत्नी का रीमेक और इंडियन 2 पाइपलाइन में हैं।

# रूपाली गांगुली ने अनुपमा के किरदारों का समर्थन किया, कहा– इंसान को नीचा दिखाना घृणित है

टीवी धारावाहिक अनुपमा में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री रूपाली गांगुली ने शो के अन्य पात्रों के प्रति सोशल मीडिया पर नफरत देखकर निराशा जताई है और कहा है कि किसी को ऐसे इंसान का अपमान नहीं करना चाहिए जो सिर्फ अपनी नौकरी कर रहा है।इस धारावाहिक में सुधांशु पांडे, मदालसा शर्मा और गौरव खन्ना प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जिसने हाल ही में पांच साल का लीप लिया है। साल 2020 में शो की शुरुआत के बाद से इसके प्रशंसकों की संख्या बहुत बड़ी है, मगर इसके कुछ पात्रों के बारे में इंटरनेट पर नफरत भरी टिप्पणियां देखी जा रही हैं।एक यूजर ने एक स्निपेट साझा किया और लिखा रू ये किस तरह के बच्चे हैं जो अपनी मां को इस तरह नजरअंदाज करते हैं? इस तरह के नापाक और हृदयहीन बच्चे अनुपमा को ही क्यों मिले हैं?एक अन्य प्रशंसक ने कहा, मुझे समझ नहीं आता कि एक बच्चा 5 साल बाद अपनी मां को देखकर इतना ठंडा कैसे हो सकता है।सोशल मीडिया पर ऐसी कई नफरत भरी टिप्पणियों को देखने पर रूपाली ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) का सहारा लिया और ट्वीट्स की एक श्रृंखला लिखी।

उन्होंने लिखा, प्तअनुपमा पर मौजूद हर कोई इस शो के किसी न किसी किरदार से जुड़ा है... एक किरदार या अभिनेता को पसंद करना आपको दूसरे किरदारों को नीचा दिखाने का अधिकार कैसे दे देता है? प्रत्येक अभिनेता अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है और प्रत्येक अभिनेता कहानी के लिए महत्वपूर्ण है!संजीवनी रू ए मेडिकल बून में अपने काम के लिए मशहूर अभिनेत्री ने आगे कहा कि किसी को ऐसे इंसान का अपमान नहीं करना चाहिए, जो सिर्फ अपना काम कर रहा है।उन्होंने कहा, अपने पसंदीदा किरदार का समर्थन करना और उसकी आलोचना करना जो आपको पसंद नहीं है, समझ में आता है, लेकिन एक ऐसे इंसान की खिंचाई करना जो सिर्फ अपना काम कर रहा है, घृणित है, खासकर उन लोगों द्वारा जिनके पास अपनी डीपी पर अपनी तस्वीर लगाने की भी हिम्मत नहीं है। रूपाली ने प्रशंसकों से उनके शो को सकारात्मकता और प्यार भेजने का आग्रह किया। उन्होंने लिखा, सभी एफडी से अनुरोध है कि इस बारे में सोचें कि क्या हम इस स्थान को युद्ध क्षेत्र के बजाय एक खुशहाल क्षेत्र बना सकते हैं।रूपाली ने आगे लिखा, हर प्रशंसक के प्रत्येक एकल के प्रति उचित सम्मान के साथ मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि किसी भी चरित्र की आलोचना करते समय भी कृपा और गरिमा बनाए रखें! साराभाई वर्सेज साराभाई की अभिनेत्री ने कहा, अगर हो सके तो सिर्फ कुछ दिन के लिए,शो की तरह देखिए, एसएम पर आकर नकारात्मक टिप्पणियां करने का माध्यम मत बनाइए।उन्होंने यह लिखकर समापन किया, हमारे शो अनुपमा से जुड़े हर प्रशंसक वर्ग के प्रत्येक सदस्य को ढेर सारा प्यार और रोशनी भेज रही हूं और इस प्यार के लिए बहुत–बहुत धन्यवाद। यह शो बांग्ला सीरीज श्रीमोयी पर आधारित है और स्टार प्लस पर प्रसारित होता है।



## समृद्धि शुक्ला ने ये रिश्ता क्या कहलाता है में भूमि त्रिवेदी के साथ स्टेज किया शेयर, एक्सपीरियंस का किया खुलासा



एक्ट्रेस समृद्धि शुक्ला ने मकर संक्रांति सेगमेंट के शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में बॉलीवुड सिंगर भूमि त्रिवेदी के साथ स्टेज साझा करने के अपने एक्सपीरियंस को साझा करते हुए इसे अद्भुत और अनोखा बताया है।ये रिश्ता क्या कहलाता है भारतीय टेलीविजन पर सबसे लंबे समय तक चलने वाला शो है, और शो की विरासत को समृद्धि (अभीरा) और शहजादा धामी (अरमान) ने आगे बढ़ाया है। दर्शकों को एक घंटे का स्पेशल एपिसोड देखने को मिलेगा, जिसमें शो बातें कुछ अनकही सी से सायली सालुंखे (वंदना) और मोहित मलिक (कुणाल) भी शामिल होंगे।परिवार मकर संक्रांति उत्सव की तैयारी कर रहे हैं। शो में समृद्धि, शहजादा, सायली और मोहित मकर संक्रांति मनाते नजर आएंगे।भूमि, जो राम–लीला, रईस, जीरो जैसी फिल्मों में अपने गानों के लिए जानी जाती हैं, शो का मुख्य आकर्षण होंगी और उत्सव के लिए अपने लोकप्रिय ट्रैक प्रस्तुत करके मकर संक्रांति का जश्न मनाती नजर आएंगी।

उसी के बारे में बात करते हुए, समृद्धि ने कहा, भूमि त्रिवेदी के साथ स्टेज साझा करने का अनुभव अद्भुत और अनोखा था। वह काफी प्रोफेशनल है और यही वह बात है जिसकी मैं उनकी सबसे अधिक प्रशंसा करती हूं।उन्होंने कहा, मकर संक्रांति मेरे पसंदीदा त्योहारों में से एक है। शो बातें कुछ अनकही सी के साथ एक इंटीग्रेशन है जो दर्शकों को देखने को मिलेगा और एक बड़ा ड्रामा भी उनका इंतजार कर रहा है। यह स्पेशल एपिसोड 14 जनवरी को स्टार प्लस पर प्रसारित होगा।

# कृति, शाहिद की अगली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को होगी रिलीज



एक्टर शाहिद कपूर और कृति सेनन ने बुधवार को खुलासा किया कि उनकी आने वाली फिल्म का नाम तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया है और यह 9 फरवरी को रिलीज होगी। फिल्म के निर्माताओं ने टाइटल के साथ एक नया पोस्टर भी जारी किया, जिसमें शाहिद कपूर और कृति सेनन एक इंटीमेंट मोमेंट शेयर करते नजर आ रहे हैं। कृति ने इंस्टाग्राम पर पोस्टर साझा किया और लिखा, इस वैलेंटाइन डे, इम्पॉसिबल लव स्टोरी का एक्सपीरियंस करें। शाहिद ने वही पोस्टर शेयर किया और कृति जैसा ही कैप्शन दिया। ऐसा लगता है कि फिल्म का टाइटल सिंगर राघव के इसी नाम के गाने से लिया गया है क्योंकि मोशन पोस्टर के बैकग्राउंड में एक नया वर्जन चल रहा है। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की सफलता के बाद इस फिल्म में धर्मेंद्र भी हैं। अपकमिंग फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और आराधना साह ने किया है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान, ज्योति देशपांडे और लक्ष्मण उतेकर ने किया है।

## एनिमल एक्टर रश्मिका मंदाना के साथ सगाई की अफवाहों का खंडन किया

एनिमल एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ–साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में खबरें आई थीं कि एक्ट्रेस जल्द ही अपने कथित बॉयफ्रेंड और एक्टर विजय देवरकोंडा से सगाई करने वाली हैं। एनिमल एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ–साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में खबरें आई थीं कि एक्ट्रेस जल्द ही अपने कथित बॉयफ्रेंड और एक्टर विजय देवरकोंडा से सगाई करने वाली हैं। अब इस खबर की सच्चाई सामने आ गई है। अब एक्टर की टीम ने उनकी सगाई की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है. आईएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक, टीम ने सगाई की खबरों को झूठा बताया है। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में खबर आई थी कि विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना जल्द ही सगाई करने वाले हैं। इसके अलावा, खबर में आगे कहा गया है कि वे अगले महीने यानी फरवरी के दूसरे हफ्ते में सगाई कर सकते हैं। हालाँकि, अभिनेताओं ने कभी भी मीडिया में अपने रिश्ते को स्वीकार नहीं किया है,



## रोहित राय ने रितिक रोशन को किया बर्थडे विश, कहा– जन्मदिन मुबारक हो डुग्गू



एक्टर रोहित रॉय ने काबिल के अपने को–स्टार ऋतिक रोशन को 50वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।रोमांटिक एक्शन थ्रिलर काबिल में यामी गौतम और रोहित के भाई रोनित रॉय भी हैं।रोहित ने इंस्टाग्राम पर बर्थडे बॉय ऋतिक के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें साझा की और शुभकामनाएं दी।उन्होंने नोट में लिखा, आपको प्यार भरा हग और हार्दिक बधाई भेज रहा हूं। इंडस्ट्री के सबसे अच्छे लोगों में से एक को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं... जन्मदिन मुबारक हो डुग्गू।रोहित को अब से पहले साइकोलॉजिकल थ्रिलर फॉरेंसिक में देखा गया था। उन्होंने रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 13 में भी हिस्सा लिया था। दूसरी ओर, ऋतिक फिलहाल एरियल एक्शन ड्रामा फाइटर की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म में दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी मुख्य भूमिका में हैं।

# सुरभि चंदना ने किया शादी करने का ऐलान, लान्ग टाइम बायफ्रेंड

टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने आखिरकार अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड और बिजनेसमैन करण शर्मा के साथ अपनी शादी की घोषणा कर दी है। उनकी शादी की अफवाहें काफी समय से चल रही हैं। लेकिन आखध्रिकार इस जोड़े ने इस बारे में आधिकारिक घोषणा कर दी है। टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने आखिरकार अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड और बिजनेसमैन करण शर्मा के साथ अपनी शादी की घोषणा कर दी है। उनकी शादी की अफवाहें काफी समय से चल रही हैं। लेकिन आखध्रिकार इस जोड़े ने इस बारे में आधिकारिक घोषणा कर दी है। बता दें, चंदना को स्टार प्लस के लंबे समय से चल रहे शो इश्कबाज और एकता कपूर के नागिन में उनके काम के लिए जाना जाता है।सुरभि 13 साल से करण को डेट कर रही हैं और जब वह पहली बार मुंबई आई थीं तब उनकी मुलाकात करण से हुई थी। तब से करण अपने संघर्ष और सफलता के दिनों से एक्ट्रेस का समर्थन कर रहे हैं। अब इस जोड़े ने अपने रिश्ते को बंधन में बांध कर आगे बढ़ाने का फैसला किया है। और उन्होंने अपनी शादी की घोषणा भी बड़े स्टाइल में की। जो लोग करण को जानते हैं, वे जानते होंगे कि वह बहुत बड़े डॉग प्रेमी हैं और सुरभि द्वारा साझा की गई तस्वीर में उन्हें करण के पालतू कुत्ते के बगल में बैठे देखा जा सकता है। इसके अलावा, उनके बगल में एक बोर्ड रखा हुआ है, जिस पर लिखा है, ष्मेरे इंसान शादी कर रहे हैं। अनजान लोगों के लिए, सुरभि चंदना इश्कबाज गैंग से शादी करने वाली आखिरी महिला हैं। शो में नकुल मेहता को शिवाय सिंह ओबेरॉय के रूप में, सुरभि चांदना को अनिका के रूप में, कुणाल जयसिंह को ओमकारा सिंह ओबेरॉय के रूप में, श्रेनु पारिख को गौरी कुमारी शर्मा के रूप में और मानसी श्रीवास्तव को भव्या सिंह ओमकारा के रूप में दिखाया गया है। शो के बाहर भी एक्टर्स ने अपनी दोस्ती बरकरार रखी है ।



